

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



जरूरी है हमारा....... लाइफ को बेचैन बना रहे......

वर्ष : 10 | अंक : 215 | लखनऊ, 15 जुलाई, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# कार्यसमिति की बैठक में सीएम योगी ने बढ़ाया कार्यकर्ताओं का हौसला

## बैकफुट पर आने की जरूरत नहीं है.... : सीएम योगी आदित्यनाथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, लोकसभा चुनाव 2024 के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश भाजपा ने कार्यसमिति की बैठक की। लखनऊ में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों नेता पार्ट कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते नजर आए। सीएम योगी ने कार्यकताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों को देखकर बैकफुट पर आने की जरूरत नहीं है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'याद कीजिए मुहर्रम के समय में सड़कें खाली हो जाया करती थीं। आज मुहर्रम आयोजित हो रहा है इसका पता भी नहीं लग रहा। ताजिया के नाम पर घर तोड़े जाते थे, पिपल के पेड़ काटे जाते थे, सड़कों के तार हटाए जाते थे।' उन्होंने आगे कहा, 'आज कहा जाता है किसी गरीब की झोपड़ी नहीं हटेगी। आज कहा जाता है सरकार नियम बनाएगी, त्योहार मनाने हैं तो नियमों के अंतर्गत मनाओ नहीं तो घर बैठ जाओ।'

मुख्यमंत्री ने समाजवादी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'समाजवादी पार्टी की सरकार के समय कन्नौज के मेडिकल कॉलेज की चर्चा हुई। कन्नौज के मोडिकल कॉलेज का नाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के नाम पर था। समाजवादी पार्टी के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने नाम बदल दिया। इन्होंने धर्म के आधार पर SC-ST को मिलने वाले आरक्षण पर सेंध लगाने का भी काम किया था। 2016 में SC जाति की स्कॉलरशिप को समाजवाजदी पार्टी की सरकार ने रोकने का काम किया था।'

# प्रधानमंत्री का एक पेड़ मां के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन को उचित जवाब है : शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



इंदौर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के इंदौर में रविवार को उस अभियान में हिस्सा लिया, जिसका मकसद एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाना है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का उपयुक्त जवाब है। विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। इसके तहत देशभर में लगभग 140 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें मध्य प्रदेश में 5.5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

शाह ने कहा, विकास हो रहा है और हम सुविधाएं बढ़ा रहे हैं। मोदी जी ने हमें पीछे देखने और आने वाली पीढ़ी के लिए भी काम करने को कहा है। पर्यावरण की चिंता सिर्फ देश के लिए ही नहीं, बल्कि हर जगह अहम हो गई है। कार्बन डाइऑक्साइड और मोनोऑक्साइड ने ओजोन के स्तर को कम कर दिया है और इसकी परत में छेद कर दिया है। उन्होंने कहा, इससे तापमान में वृद्धि हुई है। जलवायु परिवर्तन को महसूस किया जा रहा है। मोदी जी द्वारा शुरू किया गया अभियान इसका उपयुक्त जवाब है। गृह मंत्री ने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सुबह में कहा, आज एक विशेष दिन है, जब इंदौरवासी 11 लाख पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी द्वारा शुरू किए गये एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वह भी आज इंदौर (मध्य प्रदेश) के रेवती रेंज के बीएसएफ परिसर में पौधे लगाएंगे।

शाह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण मोदी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक रहा है और वृक्षारोपण को सरकार ने जन-जन की चेतना का विषय बनाया है। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम से ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अकादमी के रेवती रेंज में गड्ढे खोदे गए और आज सुबह प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा भूमि पूजन किए जाने के बाद पौधे लगाने का काम शुरू हो गया

### अमित शाह ने मध्य प्रदेश के 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया

इंदौर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों के लिए पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया। मुख्य कार्यक्रम इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हुआ, जिसे पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। यादव ने कहा कि इन कॉलेज की स्थापना 450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से की गई है। अधिकारियों के अनुसार, इन कॉलेजों में सभी पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुसार पेश किए जाएंगे और वे रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करेंगे।

### मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफटी 22,957.10

# उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 750 से अधिक गांव प्रभावित, आठ लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में नदियों के उफान पर रहने के कारण 750 से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और शनिवार शाम तक 24 घंटे में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गयी। राज्य के राहत विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इस अवधि में उत्तर प्रदेश में औसतन 7.4 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा दर्ज की गई। उनके अनुसार सात लोगों की डूबने से मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जान चली गयी। विभाग ने कहा कि बारिश से कई नदियों में जलस्तर बढ़ा है जिससे 17 जिलों के 776 गांवों में बाढ़ आ गयी। उसके मुताबिक बाढ़ की वजह से 3,90,455 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए 996 राहत शिविर बनाए हैं। विभाग के मुताबिक जलस्तर बढ़ने से 11,509 पालतू जानवर भी प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त नवीन कुमार ने कहा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम बाढ़ प्रभावित इलाकों में इससे जुड़े मुद्दों से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर काम कर रही हैं। हमने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविर स्थापित किए हैं।

# पीएम मोदी ने ट्रंप पर हमले की कड़ी निंदा की



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की रविवार को कड़ी निंदा की और कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में शनिवार को एक चुनावी रैली में हमला किया गया हालांकि ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं। हमलावर को मार गिराया गया है।

### किसी भी लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है : खरगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले की रविवार को निंदा करते हुए कहा कि किसी भी लोकतंत्र और सभ्य समाज में ऐसी हिंसा की कोई जगह नहीं है। ट्रंप शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगने से घायल हो गए। हालांकि, सीक्रेट सर्विस के एक सदस्य ने हमलावर को भी मार गिराया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बहुत आहत हूं। मैं इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, किसी भी लोकतांत्रिक और सभ्य समाज में ऐसी हिंसा का कोई स्थान नहीं है। भारत, अमेरिका के लोगों के साथ है और हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। यूएस सीक्रेट सर्विस ने बताया कि शनिवार को एक संदिग्ध हमलावर ने पेनसिल्वेनिया के बटलर में रैली स्थल के बाहर एक ऊंचे स्थान से मंच की ओर कई गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी। हमलावर ने रैली में एक दर्शक की हत्या कर दी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### संक्षिप्त समाचार


## भारत की परंपरा हिंदू और मुसलमानों के साथ मिलकर रहने और काम करने की है: अमर्त्य सेन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने शनिवार को कहा कि भारत में हिंदुओं और मुसलमानों के मिल-जुलकर रहने और काम करने की परंपरा रही है। जाने-माने अर्थशास्त्री सेन अलीपुर जेल संग्रहालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम वंचित वर्ग के युवाओं में पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा, हमारे देश के इतिहास को देखें तो हिंदू और मुसलमान सदियों से पूर्ण समन्वय और तालमेल के साथ सद्भावनापूर्वक काम करते आ रहे हैं। यह जुक्तोसाधना है, जैसा कि क्षितिमोहन सेन ने अपनी पुस्तक में रेखांकित किया है। हमें अपने वर्तमान समय में जुक्तोसाधना के इस विचार पर जोर देने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में उन्होंने धार्मिक सहिष्णुता शब्द पर चिंता जताते हुए कहा कि केवल इसी पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए। सेन अपने उदार विचारों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा, क्या आप उस्ताद अली अकबर खान और पंडित रविशंकर के बीच उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर अंतर कर सकते हैं? उन्हें शास्त्रीय संगीत की अपनी शैली के आधार पर अलग किया जा सकता है।

# एस जयशंकर की थाईलैंड के विदेश मंत्री के साथ बैठक से द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुएः विदेश मंत्रालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और थाईलैंड के उनके समकक्ष मारिस संगियामपोंगसा ने व्यापार, कनेक्टिविटी और निवेश के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग दल (बिम्सटेक) सदस्य देशों की एक बैठक के इतर हुई बातचीत के दो दिन बाद विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों मंत्रियों ने रक्षा और सुरक्षा संबंधों, व्यापार और निवेश अवसरों, कनेक्टिविटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग, स्वास्थ्य सहयोग, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संपर्क के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की। दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के 10 सदस्यीय देशों के प्रमुख सदस्य थाईलैंड को दक्षिणपूर्व एशियाई क्षेत्र में एक अहम रणनीतिक साझेदार के रूप में देखा जाता है। मंत्रालय ने कहा, दोनों मंत्रियों ने परस्पर हित के मुद्दों पर भी विचार साझा किए और उप-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंच पर करीबी सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता जतायी।

जयशंकर ने 12 जुलाई को थाईलैंड के मंत्री के साथ बैठक की और उनके सम्मान में दोपहर के भोजन की मेजबानी की। बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) बहुआयामी सहयोग के लिए दक्षिण और दक्षिणपूर्व एशिया के सात देशों को एक साथ लाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की दूरदृष्टि के अनुसार, जयशंकर और संगियामपोंगसा ने मजबूत भारत-थाईलैंड साझेदारी की परस्पर आकांक्षा की पुनः पुष्टि की। उसने कहा कि थाईलैंड आसियान में भारत का एक प्रमुख साझेदार है। विदेश मंत्रालय ने कहा, विदेश मंत्री और थाईलैंड के विदेश मंत्री के बीच बातचीत से द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए हैं।

# राष्ट्रीय राजधानी में हल्की बारिश होने की संभावना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने सामान्य रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का पूवार्नुमान किया है। विभाग के अनुसार, एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में पिछले 24 घंटों में 13.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 97 अंकों के साथ संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# 46 साल बाद फिर से खोला गया जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

### मूल्यवान वस्तुओं की जल्द बनाई जाएगी सूची

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारि ?ों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसे पिछली बार 1978 में खोला गया था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया, भगवान जगन्नाथ की इच्छा पर उड़िया समुदाय ने उड़िया अस्मिता की पहचान के साथ आगे बढ़ने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। इसमें कहा गया, आपकी इच्छा पर ही जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खोले गए थे। आज आपकी इच्छा पर ही 46 साल बाद रत्न भंडार को एक बड़े उद्देश्य के लिए दोपहर एक बजकर 28 मिनट की शुभ घड़ी पर खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि रत्न भंडार को खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा गजपति महाराजा के एक प्रतिनिधि शामिल थे। एक अधिकारी ने बताया कि रत्न भंडार फिर से खोल दिया गया है, लेकिन मूल्यवान वस्तुओं की सूची तत्काल नहीं बनाई जाएगी।

# अनंत - राधिका के आशीर्वाद समारोह में अमिताभ बच्चन समेत देश-विदेश की कई हस्तियां पहुंचीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, नवविवाहित अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के आशीर्वाद समारोह में शनिवार को बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन, शाहिद कपूर और माधुरी दीक्षित समेत देश-विदेश की मशहूर हस्तियों ने शिरकत की।

सुपरस्टार सलमान खान, शाहरुख खान, अभिनेता युगल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी आशीर्वाद समारोह में सज-धजकर पहुंचे। इस समारोह में अमेरिकी रियलिटी टीवी कलाकार किम करदाशियां और उनकी बहन क्लो करदाशियां भी शामिल हुईं।

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार को मुंबई में एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गये थे। आशीर्वाद समारोह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हो रहा है।

अमिताभ बच्चन रंग-बिरंगा कुर्ता-पायजामा और शॉल ओढ़कर समारोह में पहुंचे। इस दौरान, उनकी नातिन नव्या नंदा और दामाद निखिल नंदा भी उनके साथ थे। ऐश्वर्या राय बच्चन आराध्या बच्चन के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं।

शाहरुख खान अपनी पत्नी गौरी खान, बेटी सुहाना खान और सास सविता छिब्बर के साथ ग्रीन कार्पेट पर नजर आए। सलमान खान नीले रंग के सूट में पहुंचे। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के अनुसार, करदाशियां बहनों ने शनिवार के कार्यक्रम के लिए तरूण तहिलियानी ??द्वारा डिजाइन किए गए परिधान और आभूषणों को चुना। किम ने सुंदर कढ़ाईदार साड़ी पहन रखी थी जबकि क्लो गुलाबी लहंगा चोली में नजर आईं। अभिनेता अर्जुन कपूर बंदगला सूट पहनकर समारोह में पहुंचे। फिल्म निमार्ता करण जौहर अपने दोस्त और धर्मा प्रोडक्शंस बैनर के सीईओ अपूर्व मेहता के साथ नजर आए। माधुरी दीक्षित नेने अपने पति श्रीराम नेने के साथ पहुंचीं और रजनीकांत भी अपनी पत्नी लता के साथ दिखाई दिये। वेंकटेश, जैकी श्रॉफ, हेमा मालिनी, काजल अग्रवाल, विधु विनोद चोपड़ा, सुनील शेट्टी, शाहिद कपूर, सारा अली खान, रश्मिका मंदाना, शनाया कपूर, दिशा पटानी, पुनीत मल्होत्रा, संजय दत्त पत्नी मान्यता दत्त के साथ आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख, राम चरण और उपासना कोनिडेला, जान्हवी कपूर, शिखर पहाड़िया, खुशी कपूर, वेदांग रैना, ओरी और अनन्या पांडे शामिल हुए।

## संक्षेप

### नशेड़ियों ने शराब ठेके पर ना ले जाने पर ई रिक्शा चालक को पीटा

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। नशे में धुत युवकों ने शराब के ठेके पर ले जाये जाने से मना करने पर ई रिक्शा चालक को जमकर पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले पीड़ित चालक की तहरीर पर पुलिस आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है। नगराम कस्बे के मोहल्ला सैय्यद वाड़ा निवासी मो० जावेद ने बताया वो ई रिक्शा चलाता है.बीते शनिवार की देर शाम निगोहां के नगराम मोड़ पर सवारियों का इंतजार कर रहा था तभी उदयपुर गांव निवासी दीपू अपने तीन अज्ञात साथियों के नशे में धुत होकर मौके पर आ धमके ओर रिक्शे में बैठकर जबरन शराब ठेके पर लेकर चलने का दबाव बनाने लगे, जब उसने ठेके पर जाने से मना कर दिया तो उक्त सभी ने लात घुसो से उसकी बुरी तरह पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित चालक की तहरीर पर आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

### जीर्णोद्धार के बाद मंदिर में शिव परिवार की स्थापना

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। उतरावां गांव में स्थित सैकड़ो वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्वार के बाद रविवार को मंदिर में शिव परिवार का विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। उतरावां गांव में बाबा जगन्नाथ दास कुटी में बने 300वर्ष पुराने शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद भगवान शंकर, पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की मूर्ति मंगाई। इसके बाद मंदिर में शिव परिवार की स्थापना शुरू की। आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी ने पूजन अर्चन के साथ प्राण प्रतिष्ठा का कार्य शुरू कराया। रविवार को मंदिर में शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा कराकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह चौहान, विजय कपूर, अभय श्रीवास्तव, दुर्गेश सिंह, सूरज यादव, विमल सिंह चौहान समेत काफी संख्या में शिव भक्त व ग्रामीण मौजूद रहें।

# पांच लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर इलाके से 2 दिन पहले एक व्यक्ति को मारपीट कर अगवा करने के बाद 5 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने रविवार को इलाके से ही गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई एक एक्सयूवी कार भी बरामद की है। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा के मुताबिक नई दिल्ली के उत्तम नगर में रहने वाली हिमांशी ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 जुलाई को रात करीब 2:30 बजे वह अपने पति महेंद्र कालरा के साथ बिजनौर के ही औरंगाबाद स्थित एसआर होटल के पास पहुंची थी। तभी वहां से गुजर रहे एक्सयूवी कार (24 बीएच 5811डी) में सवार चार अज्ञात लोगों ने महेंद्र के साथ गाली गलौज और मारपीट की। बाद में महेंद्र को अपनी कार से अगवा कर लिया। इसके बाद महेंद्र को छोड़ने की एवज में बदमाश 5 लाख रुपये की फिरौती मांग रहे थे। न देने पर उसे मार कर उसका शव गंगा नदी में फेंकने की धमकी भी दे रहे थे। उनकी धमकी से दहशत में आकर हिमांशी ने बदमाशों द्वारा दिए गए पेटीएम और मोबाइल नंबर पर कई बार में 50 हजार रुपये भेज दिए। लेकिन बदमाश इसके बाद भी बराबर 5 लाख रुपए की मांग करते रहे। थाना प्रभारी का कहना है कि इसी बीच शुक्रवार शाम जब बदमाश कानपुर स्थित झकरकटी बस स्टॉप के पास कार रोक कर चाय पीने लगे, तभी महेंद्र किसी तरह उनसे बचकर बस स्टैंड में घुस गया और उनके चंगुल से छूटकर बस में सवार होकर लखनऊ चला आया। इस मामले में बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमों के साथ ही क्राइम टीम को भी लगाया। यह टीमें बदमाशों की तलाश कर रही थी, तभी पता चला कि चारों आरोपी बिजनौर के ही कैथी गांव के पास पहुंच रहे हैं। यह जानकारी होते ही मौके पर पहुंची बिजनौर पुलिस ने चारों को उक्त एक्सयूवी कार सहित धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में चारों ने अपना नाम कानपुर के कल्याणपुर निवासी हिमांशु यादव, कन्नौज के ठठिया थाना क्षेत्र स्थित फखरपुर बरेवा निवासी संदीप सिंह, कन्नौज के ही मतौली निवासी श्याम जी कुशवाहा और कानपुर नगर के कल्याणपुर स्थित विकास नगर निवासी सौरभ यादव बताया। बिजनौर थाना प्रभारी का कहना है कि पकड़े गए सभी युवक शातिर अपराधी हैं। उनके खिलाफ इटावा, कानपुर और औरैया सहित कई अन्य थानों में मामले भी दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई एक्सयूवी कार बरामद करने के साथ ही चारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। वहीं आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को डीसीपी दक्षिणी की ओर से 25 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

## मुंबई जाने वाली फ्लाइट अचानक रद्द होने से यात्रियों ने एयरपोर्ट पर किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। लखनऊ से मुंबई जाने वाली फ्लाइट अचानक रद्द होने से रविवार दोपहर हवाई यात्रियों ने लखनऊ एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया। हंगामे की जानकारी पाकर पहुंचे एयरलाइंस अधिकारियों ने उन्हें काफी देर तक समझाने की कोशिश की। लेकिन यात्री नहीं माने। बाद में सभी यात्रियों को एक निजी होटल में ठहराया गया है। उधर यात्रियों का आरोप है कि एयर इंडिया एयरलाइंस के अधिकारियों ने उन्हें सही जानकारी नहीं दी। करीब 6 घंटे बाद विमान कैंसिल होने की सूचना दी। जिससे नाराज होकर सभी यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। लखनऊ से मालूम हो कि मुंबई जाने वाला एयर इंडिया विमान (एआई 626) दोपहर करीब 2 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरता है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि सभी यात्रियों की बोर्डिंग हो चुकी थी, लेकिन उन्हें विमान में बिठाया नहीं जा रहा था। कई बार इसकी लेकर संबंधित काउंटर पर इसकी शिकायत की गई। आरोप है कि वहां मौजूद एयरलाइंस अधिकारी और कर्मचारियों ने उन्हें कोई सही जवाब न देकर टालमटोल करते रहे। करीब 6 घंटे बाद यात्रियों को एयरलाइंस की तरफ से जानकारी दी गई कि विमान में तकनीकी खराबी होने के चलते यह विमान रद्द किया जाता है। जिससे नाराज होकर वहां मौजूद यात्रियों ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पाकर पहुंचे एयरलाइंस अधिकारियों ने उन्हें काफी देर तक समझाया। लेकिन यात्री नहीं माने। बाद में एयरलाइंस की ओर से सभी यात्रियों को एक निजी होटल में ठहराया गया है। उन्हें अगले दिन सोमवार सुबह मुंबई भेजने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद सभी यात्री शांत हुए।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत




अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में शनिवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से 35 वर्षीय बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से उन्नाव जिले के माखी में रहने वाले संदीप सिंह (35) लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र स्थित जलालपुर क्रासिंग के पास पत्नी संध्या व बेटे शशांक के साथ रहकर एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। संदीप शनिवार रात करीब 8 बजे ड्यूटी खत्म कर बाइक से अपने घर उन्नाव जा रहे थे। तभी रात करीब 9 बजे बंथरा के बनी - मोहान रोड स्थित कटी बगिया के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने संदीप की बाइक में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगने से संदीप बाइक सहित रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक संदीप के पास मिले मोबाइल नंबर के आधार पर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बड़े-बड़े गड्ढे और सड़कें दे रहीं मौत को दावत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। केंद्र सरकार की जीवनोपयोगी योजना ठेकेदारों की मनमानी से नरक साबित हो रही है। गांवों की गलियां खोदे जाने के बाद दुरुस्त न करना और ग्रामीणों को रात बिरात गड्ढे वाली गलियों से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। ठेकेदारों के मनमानी के चलते सरकार की बहु उपयोगी योजना को ग्रामीणों के लिये नारकीय बना दिया है। जिससे ग्रामीणों में हर्ष के स्थान पर विषाद पैदा हो गया है।

भारत सरकार की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर जल योजना स्वच्छ जल ग्रामीणों को उपलब्ध कराने की तरफ एक बेहतरीन कदम माना जा रहा था, लेकिन योजना के करता धरताओं की वजह से यह योजना गांवों की जनता के लिये नरक लगने लगी है। शायद ही अपवाद स्वरूप कोई गांव, मजरा और कस्बा हो जहां गलियों को खोदकर डाली गयी पाइप लाइनें दुरस्त हों वरना गांव, मजरे और कस्बे की सभी गलियाँ, सड़कें ठेकेदारों की उदासीनता की शिकार हो गयी हैं। कोई भी गली कूचा ऐसा नहीं है जहाँ पाइप लीक न करता हो और गलियों को ठेकेदारों द्वारा बन्द न कराया जाना बड़ी विडंबना है। ग्रामीणों ने स्वयं अपने - अपने घरों के बाहर महीनों खुदी पड़ी नाली को मजबूरन बन्द कर खड़ंजा, इंटर लाकिंग को लगाकर लायक बनाया। बावजूद इसके ठेकेदार कभी भी गांवों में नहीं देखा गया। जबकि उसके मेट (मुंशी) और अन्य कर्मचारी स्थानीय मजदूरों को चार सौ से साढ़े चार सौ रुपयों पर ठेके देकर नालियों की खुदाई, उसमें पाइप डालने और कनेक्शन देने तथा नाली बन्द करने का कार्य तो कराया लेकिन रास्तों में लगे खड़ंजे, इंटर लॉकिंग व आर सी सी जैसी खोदी गयी गलियों की अभी तक मरम्मत तक नहीं की है। जिससे ग्रामीणों की जिंदगी नरक में रहने जैसी हो गयी है। सबसे महत्वपूर्ण बात आप को बता दें कि इस बीच लोकसभा का चुनाव भी सम्पन्न हो गया और शासन प्रशासन के लोग भी गांवों तक दस्तक देते रहे लेकिन किसी ने जनता की मुशीबतों की तरफ नजर नहीं डाली और सत्ता सुख भोगने लगे। जनता मरे तो मरा करे और शासन सत्ता के लोग सुख चैन के जीवन जी रहे हैं। वहीं ठेकेदार ए, के सिंह को बताया जा रहा है कि रसूख ऐसा की उन्होंने गांवों की शायद शक्ल (स्थिति) भी नहीं देखी और कार्य कराकर जनता को मौत के मुहाने पर मरने के लिये छोड़ दिया। यह मुसिबत किसी एक गांव की जनता की नहीं है चाहे पीरनगर को बसन्तपुर हो या जगदीशपुर सभी पंचायतों और उनके मजरे सभी मे एक जैसी ही। गांवों में पाइप के लीकेज के चलते किसी गली में कीचड़ तो किसी गली में गड्ढे ही गड्ढे मौजूद हैं। लोगों को घरों से निकलना दूभर हो रहा है। उधर ग्राम प्रधान और जनता का ठेकेदार के करिन्दों से गलियां ठीक कराने और पाइप के लीकेज दुरुस्त कराने का अनुरोध निरर्थक साबित हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है।

## साइबर ठगों ने हनी ट्रैप कर युवक से 19 हजार रुपए ठगे

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। ऑनलाइन आर्थिक ठगी के बाद सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप का नया ट्रेंड सामने आया है। अश्लील चैट और अश्लील वीडियो कॉलिंग में युवाओ व बुजुर्गो को फंसा कर उन्हें पैसे के लिए ब्लैकमेल किया जा रहा है। साइबर अपराधियों द्वारा बनाए गए हुस्न के इस जाल में इस बार मोहनलालगंज के एक युवक ने फंस कर 19हजार रुपए गंवा दिये। उसके बाद भी जालसाज ने अपने आप को पुलिस अफसर बताकर और पैसो की डिमांड की जिसके बाद युवक ने अपने साथ ठगी होने का अहसास होने पर पत्नी को पूरी बता बताई। जिसके बाद पत्नी ने पीड़ित पति संग शनिवार को कोतवाली पहुंचकर अज्ञात जालसाजो के विरुद्ध कार्यवाही के लिये पुलिस को तहरीर दी। अज्ञात जालसाज पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गयी है। मोहनलालगंज के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसके पति के मोबाइल पर एक अंजान नम्बर से काल आयी, तो पति ने फोन उठा लिया जिसके बाद पता चला कोई अंजान लड़की है, जिसके बाद लड़की ने बातो में फंसाकर आप बाथरूम में जाओ मै वाट्सएप पर न्यूड काल करती हूं, जिसके बाद पति के बाथरूम में जाने पर लड़की ने न्यूड काल कर उनका वीडियो बना लिया ओर कुछ देर बाद वाट्स एप पर वीडियो भेजकर धमकाते हुये कहा अगर तुमने पैसे नही दिये तो वीडियो दिखाकर पुलिस में शिकायत कर दूंगी। जिसके बाद एक अन्य नम्बर से फोन आता तो बात करने वाला युवक खुद का पुलिस का बड़ा अधिकारी बताकर पैसे देकर सब रफादफा करने की बात कहता है, जिसके बाद जालसाज के द्वारा बताये गये खातो में पति द्वारा पांच बार में 19हजार रुपए भेज दिये जाते हैं। उसके बाद भी जालसाज फोन कर ओर रूपयो की डिमांड करते है ओर पैसे ना देने पर सोशल मीडिया पर बनाया गया न्यूड वीडियो वायरल करने की पति को धमकी भी देते है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित युवक की पत्नी के द्वारा दी गयी तहरीर पर अज्ञात जालसाजो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## शराब के लिए दबंगो ने पीटा, चाकू से किये कई वार

● बेहोशी हालत में धमकी देते हुए दबंग फरार पीड़ित ने स्थानीय थाने पहुँच की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, आशियाना क्षेत्र के सालेह नगर में शनिवार शाम करीब 8:30 बजे कुछ दबंग तबके के युवको ने एक युवक के घर पहुँच बाहर बुलाकर नशे के लिए दो हजार रुपए की मांग करने लगे युवक ने पैसा देने से मना किया तो दबंगो ने घर के कमरे में घुस गए और युवक की बेरहमी से पिटाइ करने लगे पत्नी ने बीचबचाव किया तो उसे भी नहीं बख्शा और युवक पर चाकू से कई वार कर दिया जिससे युवक बेहोश हो गयो दबंग जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गया पीड़ित परिजन ने घायल का लोकबंधु अस्पताल में इलाज कराने के उपरांत आशियाना थाने पर पहुँच दबंगो के खिलाफ शिकायत की है। आशियाना क्षेत्र के सालेह नगर निवासी हमले में घायल पीड़ित शरीफ खान पुत्र खलील खान के मुक्तबिक शनिवार शाम करीब 8:30 बजे मन्दा, शिवा मोहित व यश अपने आधा दर्जन साथियो संग उसके घर पर आये और घर से बाहर बुलाकर शराब पिने के लिए दो हजार रुपए की मांग करने लगे और जेबो की तलाशी भी लिए युवक ने विरोध कर मना करते हुए अपने घर में चला गया तो गैंग के सदस्य युवक के घर में घुस उसपर हमला बोल दिया और बेरहमी से पिटाई करने लगे युवक की पत्नी ने बीचबचाव किया तो उसपर भी हमलावर हो गए और नुकीले चाकू से युवक पर कई वार हमला कर दिया जिससे युवक मौके पर ही कमरे में बेहोश हो गयो दबंग जानमाल की धमकी देते हुए चले गऐ पीड़ित की पत्नी ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दे पति को पड़ोसियों की मदद से लोकबंधु अस्पताल ले गई जहाँ ईलाज के उपरांत होश में आने पर पीड़ित ने स्थानीय आशियाना थाने पहुँच पुलिस से दबंगो के खिलाफ शिकायत की है

# यूपी के इन गांव में मिलेगी 24 घंटे सुविधा, शुरू किया गया ट्रायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जल जीवन मिशन के तहत सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले यूपी के गांवों में अब 24 घंटे पानी की आपूर्ति देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पहले चरण में लखनऊ के कई गांवों में ट्रायल रन शुरू किया गया है। दूसरे चरण में नल से जल के जरिये इसे अन्य जनपदों के गांवों में भी शुरू किया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला पहला राज्य होगा। विंध्य-बुंदेलखंड में सुबह-शाम के समय ही आपूर्ति दजी जाएगी। ग्रामीण इलाकों में 24 घंटे जलापूर्ति के पहले चरण में लखनऊ व आसपास की चार तहसीलों के कुछ गांवों में शुरू किया गया है। लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील के उदयपुर, भावाखेड़ा, कुबहरा, कुढ़ा, दहियर गांव, मॉल ब्लॉक के शंकरपुर, पाराभदराही गांव, मलिहाबाद तहसील के खड़ता, शेरपुर भौसा गांव और सरोजिनी नगर तहसील के गोदौली गांव में इसे प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया है। 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना के तहत ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है। जल समितियों, एफटीके महिलाओं व एनजीओ के माध्यम से पानी बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसमें प्रधान, जल समिति के सदस्य आदि की प्रमुख भूमिका है।

### पानी स्टोरेज की समस्या से मिलेगी निजात

फिलहाल कई ग्रामीण इलाकों में सुबह और शाम दो-दो घंटे की पानी की आपूर्ति होती है। इससे लोगों को पानी एकत्र कर रखना पड़ता है। शाम को पानी फिर आने पर स्टोरेज पानी लोग बहा देते हैं, जिससे पानी की बबार्दी होती थी। अब 24 घंटे पानी आने से लोगों को पानी एकत्र कर नहीं रखना पड़ेगा। नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में नल से जल पहुंचाने का कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है। 80 फीसदी से अधिक गांवों को योजना से आच्छादित किया जा चुका है। हम ग्रामीण इलाकों में 24 घण्टे पानी की सुविधा देने की तरफ बढ़ रहे हैं। सोलर युक्त सभी स्कीमों से ग्रामीणों को 24 घंटे पानी देने की योजना है।

# तालाब में पड़ा मिला मंदबुद्धि युवती का अर्द्ध नग्न शव

● दुराचार करने के बाद हत्या कर शव को तालाब में फेके जाने की आशंका



अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके में रविवार को एक मंदबुद्धि युवती का अर्द्ध नग्न शव पानी भरे तालाब में औंधे मुंह पड़ा मिला। उसके शरीर का आधा हिस्सा पानी में, जबकि पैर बाहर थे। ग्रामीणों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ग्रामीणों ने संदेह जताया है कि उसके साथ दुराचार करने के बाद दुराचारियों ने उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया। सरोजनीनगर के एक गांव में रहने वाले किसान के मुताबिक उसकी 30 वर्षीया छोटी बहन का मानसिक संतुलन काफी दिनों से खराब चल रहा था। उसका कुछ दिन आगरा स्थित मानसिक चिकित्सालय में इलाज भी कराया गया। लेकिन दिमागी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। मंदबुद्धि होने के कारण वह अक्सर रात में भी घर से बाहर निकल जाया करती थी। शनिवार को भी रात करीब 10 बजे जब सभी लोग खाना खाकर सो गए तो इसके बाद किसी समय युवती पिछले दरवाजे से बाहर चली गई। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे गांव के बाहर तालाब में उसका शव औंधे मुंह पड़ा मिला। मृतका के शरीर का आधा हिस्सा पानी में, जबकि पैर बाहर थे। जब लोगों को तालाब में शव पड़े होने की जानकारी हुई तो पूरा गांव वहां पहुंच गया। मृतका के परिजनों ने पहुंचकर उसकी पहचान की। बाद में शव को तालाब से बाहर निकाला गया तो मृतका का कुर्ता फटा होने के साथ ही उसके दोनों हाथ उसी में फंसे थे। उसकी सलवार कमर से काफी नीचे उतरी हुई थी। पास में ही खून बिखरा पड़ा था। जबकि उसके सिर और चेहरे पर कई जगह चोट के गंभीर निशान थे और उनसे खून का रिसाव हो रहा था। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के साथ ही डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह, एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह और एसीपी कृष्णा नगर विनय द्विवेदी के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। जहां काफी देर तक जांच पड़ताल के बाद फॉरेंसिक टीम ने कुछ नमूने एकत्रित किए हैं। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका अपने इकलौते भाई के अलावा चार बहनों में सबसे छोटी थी। उसके भाई और तीनों बहनों की शादी भी हो चुकी है। जबकि मृतका को मंदबुद्धि होने के कारण उसकी शादी नहीं की गई। ग्रामीणों की माने तो गांव में रहने वाले किसान बसंतू की एक कोठरी गांव के बाहर है, जिसमें भूसा रखा जाता है। बसंतू रविवार सुबह करीब 6 बजे जब भूसा लेने पहुंचा तो कोठरी के दरवाजे में बंद ताला गायब मिला। जब वह कोठरी के अंदर दाखिल हुआ तो वहां का नजारा देख उसके होश उड़ गए। अंदर काफी तादाद में खून बिखरा पड़ा मिला। साथ ही खून से सने दो डंडे और खून से सनी एक ईंट मिली। बसंतू ने समझा कि कोठारी के अंदर किसी ने कोई बकरा काटा है तो उसने अपने घर पहुंच कर इसकी जानकारी बच्चों को दी। बाद में बसंतू ने ईंट और डंडों को कोठरी से उठाकर बाहर झाड़ियों में फेंक दिया। घटना स्थल पर जांच करने पहुंची पुलिस को जब इसका पता चला तो उसने बसंतू की कोठरी का निरीक्षण करने के बाद उसकी निशानदेही पर दोनों डंडे और ईट अपने कब्जे में ले लिए। पुलिस बसंतू और उसके बेटे को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

ग्रामीणों ने संदेह जताया है कि युवती को भूसे वाली कोठरी के अंदर ले जाकर दुराचारियों ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। विरोध करने पर दुराचारियों ने डंडे और ईंट से उसका सिर कूच कर कोठरी के अंदर ही हत्या कर दी। बाद में उसका शव उठाकर तालाब में फेंक दिया होगा।

ग्रामीणों का कहना है कि घटना स्थल से कुछ दूरी पर ही कुछ प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा प्लाटिंग का काम किया जा रहा है। जहां दिन रात लोगों का चार पहिया वाहनों से आना-जाना लगा रहता है। प्रॉपर्टी डीलरों के साथ वहीं पर अक्सर शराब पार्टी भी होती है। इससे आशंका है कि शराब के नशे में उन्हीं लोगों ने युवती को पकड़ कर कोठरी के अंदर उसके साथ जबरन दुराचार की घटना अंजाम दी होगी। जब उसने आरोपियों को पहचान लिया तो उन्होंने उसकी वहां पर हत्या कर दी होगी। बाद में शव को तालाब में फेंक कर फरार हो गये होंगे। सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी का कहना है कि मृतका के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इसके अलावा मृतका के साथ दुराचार हुआ या नहीं, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। लेकिन घटना की कई अन्य बिंदुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है और जल्द ही हत्यारों को पकड़कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## डॉ. राजेश्वर सिंह का 79वां 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन सुनवाई शिविर, सुनीं गईं ग्रामीणों की समस्याएँ

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर ब्लॉक के सरैया गांव में विधायक राजेश्वर सिंह की ओर से रविवार को 79वाँ आपका विधायक आपके द्वारा जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य संसाधन लेकर पहुंची विधायक की टीम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क और नाली निर्माण के अलावा राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, हैंडपंप, आंगनवाड़ी, प्रधानमंत्री आवास के अलावा साइकिल के लिए आवेदन किए। कार्यक्रम में गांव की शान पहल के तहत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले सरैया के तीन मेधावी कल्पना, लक्ष्मी, अनुभव यादव और हाई स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले तीन मेधावी वंशिका यादव, हिमांशी रावत व विशाल रावत को साइकिल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सरैया गांव के वरिष्ठ नागरिक कल्लू, रामेश्वर, मालती साहू, नन्हा देई, भाजपा मंडल महामंत्री अनुज पाल, बूथ अध्यक्ष अनिल कुमार राठौर और अनिरुद्ध कुमार को भी विधायक की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही तारा शक्ति रसोई के माध्यम से सभी को ताजा और पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

## शिव पंचायतन की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन संपन्न



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, निगोहां के उतरांवा गाँव में स्थिति बाबा जगन्नाथ दास कुटी में 300 वर्ष प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार तथा ऋण मुक्तेश्वर महादेव शिव पंचायतन की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी के द्वारा संपन्न हुआ। विगत तीन दिनों से चल रही पूजा प्रतिष्ठा समारोह में मुर्तियों का जलाधिवास अन्नाधिवास पुष्पाधिवास फलाधिवास शैयाधिवास औषधि स्नान विधिवत मूर्तियों का करके यात्रा के बाद मन्दिर में प्रतिष्ठित किया जिसमें ग्रामीण तथा अनेक सुदूर क्षेत्रों से भक्त जन सम्मिलित हुए जिसमें प्रमुख रूप से यजमान के रूप में शैलेन्द्र सिंह चौहान तथा विजय कपूर, अभय श्रीवास्तव दुर्गेश सिंह सूरज यादव सहित भारी संख्या में इलाके के लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

उन्नाव। अजगैन कोतवाली के कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से यूवक की मौत हो गई। नगर पंचायत नवाबगंज निवासी राकेश सिंह का 25 वर्षीय पुत्र उदय प्रताप कानपुर में बहन के यहां रहता था। चार दिन पूर्व वह घर आया था। शनिवार की शाम वह खाना खा कर दुकान सोने चला गया था। सुबह कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पर क्रासिंग पार करते समय कानपुर से लखनऊ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे मोके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया शाम को खाना खा कर दुकान में सोने गया था। कुसुम्भी क्यो गया कुछ पता नही। पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजनों को सौप दिया।

### आर्थिक तंगी से ऊबकर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर कस्बे के मोहल्ला ब्राम्हण टोला निवासी मिथिलेश कुमार उर्फ बउआ राठौर 45 वर्ष पुत्र रमेश चंद्र घर के ही बाहरी हिस्से में छोटी सी किराने की दुकान चलाता था शनिवार शाम तक लोगो ने उसे देखा उसके बाद वोह घर मे रहे सुबह देर तक जब बाहर नही निकले तो पड़ोस में रहने वाले अन्य परिजनों को चिंता हुई जाकर देखा गया तो कपड़े के फंदे से शव लटक रहा था. एक सप्ताह पूर्व मायके गई पत्नी संजू देवी सूचना पर घर पहुची उसने बताया कि लंबे समय से पेट की बीमारी से परेशान थे छोटी सी दुकान में भी इतनी आमदनी नही थी कि घर का खर्च व इलाज कर पाते.मिथलेश की मौत से पत्नी संजू पुत्र केशव पुत्री काव्या का रो रोकर बुरा हाल है।

### पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ रहे युवक की नीचे गिरने से मौत

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला युवक गांव के बाहर कटहल के पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से नीचे गिर गया। नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थाना क्षेत्र के ओहरापुर कौड़िया गांव के रहने वाले गंगा प्रसाद का बेटा बृजेश कुमार (38) गांव के बाहर एक कटहल के पेड़ में चढ़ा था। फल काफी ऊंचाई पर लगा होने के चलते वह चढ़ता चला गया और तोड़ते समय उसका पैर फिसल गया। जिससे वह सीधे नीचे आ गिरा। नीचे गिरते ही उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और परिजनों ने उसे उपचार के लिए भर्ती कराया।पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते हैं परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी रेखा रो-रो कर बेहाल हाल है। युवक के एक बेटा दो बेटी हैं। थाना पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों की सहमति के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनो ने लगाया हत्या का आरोप



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के दरोगा बाग के युवक को शनिवार रात उसके साथी आवास विकास अपने घर लेकर चले गए। कुछ घंटों बाद साथियों ने घर पहुंचकर मौत की सूचना दी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सिविल लाइन दरोगा बाग निवासी शैलेन्द्र कुमार पुत्र वासुदेव सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें बताया कि उसके भाई देवेन्द्र सिंह को शनिवार की रात 9 बजे आवास विकास दही के रहने वाले राजेश श्रीवास्तव घर से अपने घर लेकर गया था और कुछ देर में वापस आने की बात कही थी, लेकिन रात दो बजे राजीव श्रीवास्तव के ड्राइवर सुधीर का बेटा और अभिषेक श्रीवास्तव ने घर आकर बताया कि कूलर मे करंट उतरने से उनकी मौत जिला अस्पताल मे हो गई। घटना की जानकारी होने पर शैलेन्द्र भागकर अस्पताल गया। जहां डाक्टर ने भी मौत की पुष्टि कर दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच पड़ताल की। देवेन्द्र की मौत पर भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए राजीव श्रीवास्तव के भांजे अभिषेक श्रीवास्तव को आपराधिक प्रवृत्ति का होने की बात कही। उन्होंने कहा कि मेरे भाई की साजिशन इन्हीं लोगों द्वारा हत्या की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चिलचिलाती गर्मी में फुका ट्रांसफार्मर मची त्राहि त्राहि

शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार शाम करीब चार बजे अंबिकापुरम में लगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। देर रात तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। जिस कारण गुस्साएं क्षेत्रीय लोग सब स्टेशन पहुंचे और सब स्टेशन में हंगामा काटने लगे। जिस पर बिजली कर्मियों ने स्टोर पर रखा दूसरा ट्रांसफार्मर लेकर पहुंचे और लगाकर क्षेत्र की आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया लेकिन एक बजे दोबारा फुंक गया। जिससे पूरी रात मोहल्ले में अंधेरा छाया रहा। गर्मी में बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। शनिवार दोपहर करीब एक बजे दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति चालू कराई गई। जिसके बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। इस दौरान 21 घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोग परेशान रहे। वहीं 33 केवीए लाइन ब्रेक होने से फीडर एक, पश्चिमी गंगाघाट और शक्ति नगर फीडर की बिजली रात एक बजे से सुबह साढ़े पांच बजे तक गुल रही। बिजली न आने से घरों के इनवर्टर तक धड़ाम हो गये।

# भतीजे ने चाचा का गला दबा कर उतारा मौत के घाट

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के उदशाह गांव के रहने वाले भतीजे ने बीती देर रात चाचा की गला दबाकर हत्या कर दी। नशे में घर पहुंचने पर भतीजा चाची से झगड़ने लगा। चाचा से विरोध करने पर भतीजे ने घटना को अंजाम दे डाला और मौके से भाग निकला। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने भतीजे के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। आसीवन थाना क्षेत्र के उदशाह गांव के रहने वाले वृद्ध राम चरन रात घर के बाहर चारपाई पर लेटा हुआ था। तभी भतीजा पिंटू उर्फ संजू पुत्र काली चरन नशे में पहुंचा और चाची से झगड़ने लगा। चाचा रामचरन ने मना किया तो वह उनसे उलझ गया और गला दबा दिया। जिससे वृद्ध चाचा रामचरन मौत हो गई आरोपित की पत्नी ने पति पर



हत्या का आरोप लगाया तो उसके साथ भी मारपीट की और मौके से भाग निकला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। सीओ बांगरमऊ अरविंद कुमार ने बताया कि मृतक रामचरन की पत्नी की तहरीर पर भतीजे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।रामचरन ने की थी दो शादियां मृतक रामचरन ने दो शादियां की थी। पहली पत्नी की तीस साल पहले मौत हो गई थी और उसका एक बेटा है जो कहीं बाहर रहता है। उसके बाद उसने दूसरी शादी राजरानी से की। जिसका एक बेटा बब्लू है, जो महाराष्ट्र में गमले बनाने का काम करता है। मृतक खेती किसानी करता था। पत्नी के विरोध करने पर आरोपित ने उसे भी पीटा बीते दिन गांव में साप्ताहिक बाजार थी। जहां पिंटू उर्फ संजू ने शराब पी और नशे की हालत में घूमता रहा। साथ ही वह अपने चाचा को मारने की बात कह रहा था।उसके नशे में होने की वजह ग्रामीणों ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया। देर रात वह चाचा के घर पर पहुंचा और चाची राजरानी से झगड़ने लगा। पास में ही चाचा राम चरन लेटा हुआ था। उसने भतीजे को डांट दिया। जिस पर उसने चाचा की गला दबा कर हत्या कर दी। पिंटू उर्फ संजू की पत्नी रंजना ने कहा कि चाचा को क्यों मार दिया। जिस पर उसने पत्नी की पिटाई कर दी और मौके से भाग निकला।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस द्वारा नाबालिक को भगा कर दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के एक गाँव से पिता ने अपनी पुत्री को भगा ले जाने का मुकदमा एक युवक पर दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा गहरी छानबीन व साक्ष्य के आधार पर उस मुकदमे में पास्को एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई थी। उक्त मामले में फरार चल रहे युवक पर कोर्ट द्वारा वारंट जारी किया गया था जिसके तहत बारासगवर पुलिस द्वारा वांछित चल रहे अभियुक्त रामलखन पुत्र शत्रुघ्न निवासी ग्राम धौखरिया थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को लालकुँवा पुल के पास गिरफ़्तार किया।

# पति-पत्नी के 18 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 07, परिवार परामर्श केन्द्र से 06, थाना सोहरामऊ व थाना बांगरमऊ से 02-02, थाना फतेहपुर चौरासी से 01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।




उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, डा0 एस.के. पाण्डेय, अबरार हुसैन व संजय चौरसिया, डॉ0 अवसार अली, डॉ0सगीर अहमद एवं सहयोगी शिवेन्द्र सिंह चौहान, अंकित सिंह स्वास्तिक मिश्रा व पुलिस टीम से निरी0 संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना,महिला उप निरीक्षक भागीरथी, पूजा शर्मा, अंशू रानी, साधना, सेविका, आरती गौतम, ज्योति कुमारी का विशेष योगदान रहा।

# विशाल शौर्य यात्रा समिति की हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। राष्ट्रीय चेतना एवं जनजागृति के परिपेक्ष्य में जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने एवं अखण्ड भारत के संकल्प को पूर्ण करने हेतु 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस के पर्व पर विशाल शौर्य यात्रा समिति की बैठक गायत्री शक्ति पीठ मन्दिर कालेज रोड़ उन्नाव में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सिद्धनाथ श्रीवास्तव शक्ति पीठ के प्रमुख ने की। बैठक में समिति के संरक्षक चन्द्र प्रकाश गुप्ता के उद्गार में कहा कि 30वीं विशाल शौर्य यात्रा गायत्री शक्ति पीठ मन्दिर कालेज रोड़ उन्नाव से दोपहर 1 बजे निकाली जायेगी।शौर्य यात्रा में राष्ट्रीय गीत की ध्वनि बजाता वाहन एवं ब्रासबैण्ड आगे-आगे रहेंगे। उसके पीछे घोड़ो पर रानी लक्ष्मीबाई, अवन्तीबाई, राणाप्रताप व शिवाजी की सजीव झांकियां व सैंकड़ों दोपहिया वाहनों पर युवा शक्ति द्वारा वन्दे मातरम्, भारत माता की जय का उद्घोष होगा। रथ पर भारत माता व दुर्गा माता की झांकियों के साथ अन्य वाहनों पर क्रमशः सुभाष चन्द्र बोस, चन्द्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह, स्वामी विवेकानन्द, सरदार बल्लभ भाई पटेल व लाल बहादुर शास्त्री आदि महापुरूषों की अनेकानेक झांकियां होंगी। यात्रा का समापन नगर भ्रमण के बाद श्री झण्डेश्वर महादेव मन्दिर पर होगा। मार्ग में जगह-जगह राष्ट्रभक्तों द्वारा शौर्य यात्रा का स्वागत किया जायेगा। विशाल शौर्य यात्रा की अगुवाई अनेक सन्त, महात्मा करेंगे।शौर्य यात्रा में विश्व हिन्दु परिषद, विश्व गायत्री परिवार एवं अनेक हिन्दु व सामाजिक संगठन व मठ-मंदिर समितियों का विशेष योगदान रहेगा।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित सुरेश मिश्रा, विनोद शर्मा, श्याम वर्मा, रामप्रकाश कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, श्रीकान्त शुक्ला, बाबूलाल यादव, कमलेश शुक्ला, जगदीप निगम, रेखा शुक्ला, रामा शर्मा, राकेश राजपूत, गिरिजा शंकर अवस्थी, देवेन्द्र बाजपेई, सुखश्याम वर्मा, शंकर पासी, प्यारे कुरील, श्यामलाल कुशवाहा आदि सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज में कार न मिलने पर दूल्हा बारात लेकर लौटा

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। दहेज में कार न मिलने पर दूल्हे ने आधे रास्ते से बारात लौटा ली। दुल्हन सज-धजकर बारात का इंतजार कर रही थी, तभी दूल्हे के पिता का फोन आया। उसने दुल्हन के पिता से कहा- दहेज में कार चाहिए। अगर नहीं मिली तो बेटे को मंडप से उठा लेंगे। जवाब में दुल्हन के पिता ने कहा कि ऐनवक्त पर कार कहां से खरीद पाएंगे। यह सुनते ही दूल्हे का पिता भड़क गया और बारात लेकर वापस चला गया। बारात न आने पर दुल्हन थाने पहुंच गई और शिकायत दर्ज करवाई। कहा- ऐसे लालची लोगों से मुझे अब शादी नहीं करनी है।घटना फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के मुझइयां खुर्द गांव की है। यहां की रहने वाली प्रियंका की शादी 2 साल पहले छगाखेड़ा निवासी प्रिंस के साथ तय हुई थी। 22 अप्रैल को सगाई हुई थी। लड़की के पिता पुन्नालाल राजपूत ने बताया- शनिवार को बारात आनी थी। हमने शादी की पूरी तैयारियां कर ली थीं। दूल्हे के घरवालों को अपनी औकात के हिसाब से दहेज भी दिया था। वो बारात लेकर निकल चुके थे, लेकिन बीच में पता नहीं क्या हुआ। दूल्हे के पिता ने मुझे फोन किया। दहेज में कार मांगने लगे। पिता बोले- मजबूरी सुनाई, पर दूल्हे के पिता ने नहीं सुनी हमने उनसे कहा कि इतनी रात को हम कार का इंतजाम कैसे करेंगे। थोड़ा वक्त दे दीजिए। अभी कार नहीं दे पाएंगे, क्योंकि जितने पैसे मेरे पास थे। उसे शादी में खर्च कर दिए। वह जिद पर अड़े रहे। काफी देर तक मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की। उन्हें मजबूरी बताई। उन्होंने एक नहीं सुनी और आधे रास्ते से बारात लौटा ले गए।बारात लौटने की बात सुनते ही दुल्हन रोने लगी इधर, दुल्हन सज-धजकर बारात का इंतजार कर रही थी। रात 10 बजे तक बारात नहीं पहुंची तो उसने घरवालों से पूछताछ की। बारात लौटने की बात पता चलते ही रोने लगी। घरवालों ने किसी तरह से शांत कराया। इसके बाद दुल्हन फतेहपुर चौरासी थाने पहुंच गई। उसने दूल्हे के परिवार के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।दुल्हन बोली- मुझे अब शादी नहीं करनीदुल्हन ने पुलिसकर्मियों से कहा कि जब से शादी तय हुई, तभी से दूल्हे के घरवाले एक बाद एक डिमांड कर रहे थे। पिता ने उनकी हर डिमांड पूरी की। अब कार मांग रहे थे और न देने पर बीच रास्ते से बारात भी लौटा ले गए। अब मुझे ऐसे लालची लोगों से शादी नहीं करनी है। मेरी अपील है कि पिता ने शादी में जितने रुपए खर्च किए। उसे वापस करा दें। थानेदार ने दुल्हन को कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, पुलिस अफसरों का कहना है कि दुल्हन की शिकायत पर एफ आई आर दर्ज कर ली गई है। दूल्हे के घरवालों से पूछताछ की जाएगी। जांच के बाद एक्शन लिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री जन अरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन




**अमन लेखनी समाचार**

शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 रश्मि वर्मा, डॉ शिप्रा झा ने मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 63 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान जगन्नाथ का छटा पर्व



**अमन लेखनी समाचार**

शुक्लागंज, उन्नाव। श्रीमद् भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार दोपहर से शाम तक मरहला चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में भगवान जगन्नाथ का छठी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान को पहले प्रतीकात्मक रूप से नगर भ्रमण कराया गया। जिसके बाद एक स्थान पर स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। जिन्हें भोग लगाने के बाद भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में कढ़ी, चावल आदि का प्रसाद वितरित किया गया। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया गया। जिसमें नगर कमल वर्मा, प्रमोद त्रिवेदी, अंकुर शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, अवनीश शुक्ला, प्रदीप शुक्ला सहित अन्य कई लोग शामिल रहे।

# अज्ञात वाहन ने कार में मारी टक्कर, चालक की मौत

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव औरास थाना क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे स्थित सहदोई गांव के पास एक अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के समय कार चला रहे लीगल एडवाइजर की मौत हो गई। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार इटावा के सिविल लाइन मोहल्ला के रहने वाले लीगल एडवाइजर सौरभ तिवारी (33) पुत्र दिनेश तिवारी वर्तमान में लखनऊ के गोमती नगर के विवेक खंड में रहते थे। वह इटावा से अपनी कार से लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे होते हुए लखनऊ जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही वह औरास थाना क्षेत्र के सहदोई गांव के पास पहुंचे तो पीछे से किसी वाहन ने कार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार बेकाबू होकर पलट गई। कार में सवार सौरभ तिवारी गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायल को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एक्सीडेंट की जानकारी पर पहुंची पुलिस में जांच पड़ताल की ओर मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक का 8 साल पहले विवाह हुआ था जिसके एक चार साल का बेटा है। पत्नी आरती और मां उर्मिला का रो रो फिर बुरा हाल होता रहा। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देने के साथ ही उसके शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया है।

# अनफिट वाहनों पर कसा शिकंजा, कई वाहन किए गए सीज

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बीती 10 जुलाई को हुए बांगरमऊ क्षेत्र में बस हादसे के बाद परिवहन मंत्री ने शिकंजा कसा तो परिवहन विभाग के अफसर ने भी अनफिट वाहनों के खिलाफ अभियान चला दिया है। बीते दिनों एआरटीओ उन्नाव ने स्कूली वाहनों पर शिकंजा कसते हुए कई वाहनों को सीज कराया था। कुछ को चालानी कार्रवाई करते हुए छोड़ा था। वहीं अब लखनऊ के उप परिवहन आयुक्त ने उन्नाव के नवाबगंज टोल पर पहुंचकर अनफिट वाहनों को सीज किया। चालानी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना भी वसूला गया। परिवहन अधिकारियों की माने तो यह अभियान लगातार जारी रहेगा ओर कार्रवाई होगी।उन्नाव में हादसे के बाद अमानक वाहनों के संचालन पर नकेल कसने के लिए परिवहन विभाग ने कार्रवाई का सिलसिला तेज कर दिया है। स्थानीय अफसरों के साथ लखनऊ के उच्चाधिकारी भी इस पर लगाम लगाने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं।उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ सुरेन्द्र सिंह ने आरटीओ प्रवर्तन लखनऊ संदीप पंकज व उन्नाव एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम अरविंद सिंह के साथ नवाबगंज टोल प्लाजा पर चेकिंग कर मानकविहीन वाहनों की धरपकड़ की। जांच के दौरान कुल छह वाहनों को सीज किया गया है। जिसमें एक बस, पांच ट्रक मौजूद रहे।12 वाहनों का किया चालान इसके अलावा 12 वाहनों का चालान किया गया। चार बस के अलावा बाकी ट्रक व डंफर रहे। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि सभी पर साढ़े तीन से चार लाख का जुमार्ना भी वसूला जाएगा। अरविंद सिंह की माने तो उन्नाव में रेंडम चेकिंग की जाएगी और जिन वाहनों में फिटनेस की कमी है, उन पर और शक्ति के साथ जुमार्ना लगाया जाएगा। मानक के अनुरूप यदि यात्री पाए गए तो उन वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास महिला विंग ने किया पौधरोपण ,निकाली गयी जागरूकता रैली

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास बहराइच महिला विंग के तत्वावधान में नगर के महराज सिंह इंटर कालेज में पौधारोपण कर जागरूकता रैली निकाली गयी गयी। कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग एकता जायसवाल एवं जिलाध्यक्ष अर्चना मिश्र के टीम ने संयोजित किया। पौधरोपण के दौरान महराज इंटर कालेज में सागौन के पौधे रोपित किए गये जिससे कालेज का वातावरण पर्यावरण के अनुकूल हो तथा सूखने के बाद कालेज में फर्नीचर बनाने के काम आये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के प्रदेश संरक्षक घनश्याम वाजपेई रहे। जागरूकता रैली महाराज सिंह इंटर कालेज से निकलकर हास्पिटल चौराहा होते हुए महाराज सिंह कालेज में आकर समाप्त हुई।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक ने कहा कि पृथ्वी का संतुलन दिन-प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है इस बार इतनी गर्मी पड़ी कि बहराइच जैसे शहर में लगभग 32000 हजार एसी बिक गयी। प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग एकता जायसवाल व जिलाध्यक्ष अर्चना मिश्रा ने कहा कि महिला विंग आने वाले समय में अनेक प्रकल्प चलायेगी जिससे हमारी बहराइच की बहनों को लाभ मिल सके और वे स्वालम्बी बने। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, अर्चना मिश्रा रजनी सक्सेना, रागिनी शुक्ल, मीरा श्रीवास्तव, मीना द्विवेदी, संतोष पांडे, कुसुम श्रीवास्तव, पुष्पा देवी, नंदिनी मिश्रा, आराधना गुप्ता, पूनम गुप्ता, शुभांगी वाजपेई आदि ने भी संबोधित किया।

## सम्पादकीय

# नेपाल में फिर 'सत्ता बदल' खेल, पैनी नजर रखे भारत

नेपाल में एक बार फिर से राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति है। मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' को आज 12 जुलाई शुक्रवार को विश्वासमत का सामना करना है। प्रचंड की सरकार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के समर्थन से है। पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत 'सीपीएन-यूएमएल' ने पिछले सप्ताह प्रचंड सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। नेपाली संसद की जो अंकगणितीय स्थिति है, उसमें प्रचंड के लिए विश्वासमत हासिल करना मुश्किल है। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस ने विश्वासमत के खिलाफ मतदान के लिए अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। निचले सदन में बहुमत का आंकड़ा 138 है। नेपाली कांग्रेस व सीपीएन-यूएमएल के पास कुल 167 का आंकड़ा है, जो बहुमत से ज्यादा है। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है। ऐसे में पीएम दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे और उनकी सरकार का जाना तय है। मौजूदा संसद का कार्यकाल वर्ष 2027 तक है, नवंबर 2022 के चुनाव में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ लड़ा था, उससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव प्रचंड ने ओली का पार्टी सीपीएन यूएमएल के साथ लड़ा था। वर्ष 2022 में प्रचंड व शेर बहादुर देउबा के संयुक्त गठबंधन को बहुमत मिला, लेकिन प्रधानमंत्री को लेकर देऊबा के साथ तकरार के चलते प्रचंड ने पाला बदल लिया और ओली की सीपीएन यूएमएल के साथ मिलकर सरकार बना ली। चूंकि जून 2021 में प्रचंड के समर्थन से ही देउबा प्रधानमंत्री बने थे, इसलिए वे वर्ष 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस के साथ बहुमत के बाद पीएम बनना चाहते थे और चाहते थे कि इस बार देऊबा समर्थन दें, पर देऊबा ने ऐसा नहीं किया था। 18 महीने में प्रचंड ने चार बार विश्वासमत हासिल किया है, यह पांचवी बार है, जब उनके दांव विफल साबित होंगे। शुरू में प्रचंड चीन समर्थक रहे हैं, पर चीनी की दबाव वाली कूटनीति के चलते वे भारत के करीब आ गए। सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन में जल्द ही दरारें उभर आईं, जिससे प्रचंड को मार्च में नेपाली कांग्रेस के समर्थन से एक और विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उस विश्वासमत के बाद वे भारत दौरे पर आए थे। नेपाल में अब जो ओली व देऊबा की पार्टी की गठबंधन सरकार बनेगी, उसमें ओली पहले पीएम बनेंगे, वाद में देऊबा बनेंगे। ओली चीन समर्थक माने जाते हैं, जबकि देऊबा का भारत के साथ मधुर संबंध रहा है। प्रचंड बनाम ओली की राजनीतिक अदावत के चलते ही 2021 में संसद भंग कर दी गई थी। फिर मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और संसद भंग करने के फ़ैसले को रद कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के इसी फ़ैसले के बाद देउबा प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल में चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिलने से राजनीतिक अस्थिरता लंबे समय से है। सत्ता देऊबा, ओली व प्रचंड के बीच घूमती रहती है, जिससे जन विकास की गति धीमी रहती है। ओली के फिर पीएम बनने के बाद भारत को नेपाल पर पैनी नजर रखनी होगी।

## उपलब्धि

कृष्णमोहन झा



# पीएम मोदी के व्यक्तित्व की खूबियों के मुरीद हुए पुतिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए जिन विदेशी राष्ट्राध्यक्षों ने बधाई दी है उनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के निकटतम विदेशी मित्रों में प्रमुखता हासिल कर ली है। हाल में ही रूस की राजधानी मास्को में आयोजित भारत-रूस शिखर वार्ता में भाग लेने के लिए मास्को पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया गया वह भारत-रूस संबंधों में प्रगाढ़ता का परिचायक था, जो समय की कसौटी पर न केवल खरे उतरे हैं बल्कि निरंतर मजबूत हुए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ सेंट एंड्रयूज द एपोस्टल' से नवाजकर अंतरराष्ट्रीय जगत को यह संदेश दिया कि भारतीय प्रधानमंत्री के लिए रूस की जनता के दिलों में कितना आदर और प्रेम है। प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान को भारत की 140 करोड़ जनता का सम्मान निरूपित करते हुए कहा कि मेरे लिए मेरा देश और मेरे देश के लोग सर्वोपरि हैं। प्रधानमंत्री ने मास्को में कहा कि आज से ठीक एक महीने पहले मैंने तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और प्रण लिया था कि मैं अपने तीसरे टर्म में तीन गुनी ताकत से काम करूंगा।' इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों से यह संकेत मिलने लगे हैं कि देश को प्रगति की आकाशीय ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रबल इच्छा शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी पांच साल बाद रूस के प्रवास पर पहुंचे थे। मास्को विमानतल पर रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने उनकी अगवानी की



और विमान तल पर ही रूस की सशस्त्र सेनाओं के जवानों द्वारा उन्हें सलामी गारद से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने विमान तल पर किसी राष्ट्राध्यक्ष की अगवानी के लिए पहली बार देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री को भेजा था। रूस में किसी राष्ट्राध्यक्ष के आगमन पर सामान्यतः द्वितीय उपप्रधानमंत्री द्वारा स्वागत की परंपरा रही है। मास्को विमानतल पर भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री की उपस्थिति के यह अर्थ लगाए जा रहे हैं कि रूसी राष्ट्रपति के लिए भारत के मैत्री विशेष अहमियत रखती है और प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में रूस के राष्ट्रपति पुतिन भारत के साथ रूस के रिश्तों को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए तत्पर हैं। रूस के राष्ट्रपति ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री चुने पर बधाई देते हुए इसे उनके अनेक वर्षों के अच्छे कार्यों का प्रतिफल बताया। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को ऊर्जावान नेता बताते हुए यह व्यक्त विश्वास व्यक्त किया कि उनमें भारत और भारतीय लोगों के हित में अच्छे नतीजे देने की क्षमता मौजूद है। यह रिजल्ट से स्पष्ट है। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को अपना करीबी मित्र मानते हुए जब उन्हें इलेक्ट्रिक कार में सैर कराई तब ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दोनों के बीच वर्षों पुरानी गहरी दोस्ती है। रूस के राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच अत्यंत आत्मीय वातावरण में संपन्न हुई वार्ता में उभय राष्ट्राध्यक्षों ने दोनों देशों के सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की इस बात की सराहना की कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। इस पर मोदी ने कहा कि भारत के लोगों ने उन्हें मातृभूमि की सेवा करने का मौका दिया है। रूस के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में मोदी ने कहा कि हम विगत दस वर्षों में 17 बार मिल चुके हैं और विगत 25 वर्षों में 22 दोनों देशों के 22 द्विपक्षीय बैठकें हो चुकी हैं। यह हमारे संबंधों की गहराई का परिचायक है।



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

# आस्था की आड़ में अंधविश्वास का बढ़ता बाजार

> हमारे देश में पौराणिक काल से ही शंकराचार्यों, आचार्यों, गुरूओं, संतों और महात्माओं से शिक्षा और दीक्षा लेने और उन्हे भी ईश्वर तुल्य सम्मान देने की परंपरा रही है। कालांतर में इन धर्मगुरूओं के प्रति लोगों की इतना आस्था और विश्वास होता था कि वे अपनी किसी भी समस्या का समाधान अपने धर्मगुरु से ही पूछते थे। धर्मगुरु भी अपने शिष्यों या अनुयायियों को धर्म सम्मत उपाय बताया करते थे लेकिन आज के कुछ संतों और धर्मगुरूओं का आचरण धर्म के सिद्धांतों के प्रतिकूल है फलस्वरूप लोगों का भरोसा उनसे उठने लगा है।

हाल ही में रिलीज सिनेमा 'महाराज' का एक संवाद 'धर्म भगवान बनने का नहीं बल्कि एक अच्छा इंसान बनने का माध्यम है' वर्तमान परिदृश्य में सौ फीसदी सटीक बैठ रहा है। देश में इन दिनों धर्मगुरुओं द्वारा धार्मिक आयोजनों के आड़ में अंधविश्वास और पाखंड फैलाने का धंधा खूब फल-फूल रहा है। धार्मिक आस्था के आड़ में कतिपय बाबाओं का कद भगवान से ऊंचा होने लगा हैं, उनके अनुयाई भगवान की जगह इन बाबाओं के चरण वंदना के होड़ में हैं। बीते दिनों उत्तरप्रदेश के हाथरस में कथित भोले बाबा उर्फ सूरजपाल जाटव के सत्संग में उनके पैरों की धूल पाने की रेलमपेल में मचे भगदड़ में 123 लोगों की मौत हो गई और 250 से ऊपर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस सत्संग में 50 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी थी। बहरहाल किसी धार्मिक आयोजन में भगदड़ के बाद इस तरह के हादसे की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि कालांतर में भी इस प्रकार की दर्जनों घटनाएं हुई हैं जिसमें लोगों की मौतें हुई हैं। अलबत्ता देश में विभिन्न धर्मों और पंथों के संतों, बाबाओं और धर्मगुरूओं और उनके अनुयायियों के बीच सत्संग और कथाओं के आयोजन में जिस तरह से शक्ति प्रदर्शन चल रहा है उससे भविष्य में ऐसे हादसों से इंकार नहीं किया जा सकता।

भारत में विभिन्न धर्मों और पंथों के करोड़ों धर्मावलंबी और अनुयाई हैं जिनके अपने आराध्य और पंथ प्रमुखों के प्रति अटूट आस्था है। हमारे देश में पौराणिक काल से ही शंकराचार्यों, आचार्यों, गुरूओं, संतों और महात्माओं से शिक्षा और दीक्षा लेने और उन्हे भी ईश्वर तुल्य सम्मान देने की परंपरा रही है। कालांतर में इन धर्मगुरूओं के प्रति लोगों की इतना आस्था और विश्वास होता था कि वे अपनी किसी भी समस्या का समाधान अपने धर्मगुरु से ही पूछते थे। धर्मगुरु भी अपने शिष्यों या अनुयायियों को धर्म सम्मत उपाय बताया करते थे लेकिन आज के कुछ संतों और धर्मगुरूओं का आचरण धर्म के सिद्धांतों के प्रतिकूल है फलस्वरूप लोगों का भरोसा उनसे उठने लगा है। इसमें दोराय नहीं कि सभी धर्मों, मजहबों या पंथों के पूजा, प्रार्थना, इबादत और परंपराओं में ईश्वर को ही प्रधानता दी गई है लेकिन आज के दौर में आराध्य और साधक के बीच धर्मगुरुओं का उदय हो चुका है जिनके लाखों अनुयाई हैं। विभिन्न शहरों में बड़े-बड़े व्यवसायिक घराने और पूंजीपति तथा धार्मिक संगठन करोड़ों रुपए खर्च कर इन कथाकारों या संतों का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। विडंबना यह कि इन आयोजनों के दौरान कुछ धर्मगुरूओं द्वारा ऐसे टोटके और अंधविश्वास बताए जा रहे हैं जिसका धर्म या धार्मिक ग्रंथों में कोई अस्तित्व ही नहीं है।

बहरहाल बाजारवाद के दौर में विभिन्न संचार माध्यम अंधविश्वास फैलाने वाले बाबाओं के लिए बाजार तैयार करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं।विडंबना है कि धर्म के नाम पर पाखंड का धंधा चलाने वाले इन बाबाओं की वजह से पूरा संत समाज या धर्म को कठघरे में खड़ा होना पड़ रहा है जो निश्चित ही सोचनीय है। धार्मिक आस्था के नाम पर पाखंड और आडंबर का चादर ओढ़े इन कथित बाबाओं के पास जहां अकूत धन संपत्ति और



सुख - सुविधाएं हैं वहीं देश के प्रमुख शहरों में इनके पांच सितारा आश्रम भी हैं। राजनीति और धर्म के घालमेल तथा वोट बैंक की राजनीति के चलते देश की सत्ता और सियासत के सूत्रधार इन धर्मगुरुओं के सामने नतमस्तक हैं। धर्म के इन झंडाबरदारों का सियासी धमक इतना है कि वे चुनाव परिणामों का रुख मोड़ने की ताकत रखते हैं फलस्वरूप शासन और प्रशासन भी इनके काले करतूतों के प्रति आंखें मूंदने के लिए विवश हो जाते हैं। इस तथ्य की पुष्टि हाथरस की हालिया घटना की जांच के लिए बनी एसआईटी के जांच रिपोर्ट से होती है जिसमें इस हादसे के सूत्रधार भोले बाबा के नाम का जिक्र ही नहीं है। इसके इतर कुछ कथित बाबाओं के खिलाफ महिलाओं के साथ दुष्कर्म, छेड़छाड़, अनैतिक आचरण, अपहरण व फिरौती, जबरिया जमीन पर कब्जा करना और हत्या जैसे गंभीर आपराधिक मामलों के प्रकरण चल रहे हैं या हवालात की हवा खा रहे हैं।कतिपय तांत्रिकों और बाबाओं द्वारा तंत्र- मंत्र की आड़ में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटनाएं भी प्रकाश में आई है वहीं पाखंडी बाबाओं के फेर में नरबलि देने का भी मामला उजागर हुआ है बाबाओं के नाम पर चल रहे अंधश्रद्धा का आलम यह कि उनके कथित भगवान के हवालात में होने के बावजूद अभी भी भक्तों के आंखों से अंधभक्ति की पट्टी नहीं उतरी है।

बहरहाल आस्था के नाम पर अंधविश्वास के बढ़ते बाजार के कारणों पर गौर करें तो इसके लिए मुख्य रूप से अशिक्षा,गरीबी, बेरोजगारी, शारीरिक व मानसिक बीमारी, अदालती और पारिवारिक कलह आदि है। आश्चर्यजनक तौर पर केवल अशिक्षित, गरीब और ग्रामीण वर्ग ही नहीं बल्कि शिक्षित और अभिजात्य तबका भी अपने मुसीबतों से चुटकियों में छुटकारा मिलने की आस में पाखंडी धर्मगुरुओं के कुचक्र में फंस रहा है।

विचारणीय है कि भारत जैसे धर्म प्रधान देश में जहां बहुतेरे लोग धर्मभीरु हैं उन्हें आस्था और अंधविश्वास के बीच के फर्क को समझना होगा। सनातन धर्म के बारे में गौर करें तो इस धर्म से जुड़े सभी वेद - पुराणों और धार्मिक आख्यानों में ईश्वर का उल्लेख कर्मयोगी के रुप में हुआ है। इस धर्म से जुड़े श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण ने कर्म को ही प्रमुखता दिया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक विभिन्न प्रसंगों में देवताओं ने चुनौतियों पर दैवीय चमत्कार नहीं बल्कि शक्ति, युक्ति और नीति से ही विजय हासिल की थी। धार्मिक आस्था लोगों में अहिंसा, नैतिकता, दया, परोपकार, दान, व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वास्थ्य जैसे सकारात्मक भाव पैदा करता है जो व्यक्ति को किसी भी चुनौती या संकट से उबरने में आत्मबल प्रदान करता है यानि धर्म में विज्ञान और मनोविज्ञान दोनों मौजूद है। दूसरी ओर अंधविश्वास लोगों में भय, कुंठा, हिंसा, असुरक्षा, एकाकीपन जैसा नकारात्मक विचार पैदा करता है फलस्वरूप उसका आत्मविश्वास कमजोर होता है।

अंधविश्वास से घिरा व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है जिसका परिणाम धनहानि और आत्महत्या के रूप में सामने आता है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि धर्मगुरुओं द्वारा बताए जा रहे अवैज्ञानिक और तर्कहीन उपाय है लिहाजा ऐसे पाखंड से लोगों को हर हाल में बचना चाहिए। अलबत्ता देश में धर्म के नाम पर बढ़ रहे अंधविश्वास के मद्देनजर सरकार को कड़े कानून लागू करने की जरूरत है फिलहाल अंधविश्वास के खिलाफ सख्त कानून केवल महाराष्ट्र में ही है। विचारणीय है कि नैतिक मूल्यों के क्षरण के वर्तमान दौर में छात्रों को धर्म से जोड़े रखना आवश्यक है लिहाजा स्कूली पाठ्यक्रम में धर्म और अंधविश्वास के अंतर को समझाने वाले विषय वस्तु शामिल करना चाहिए। इसके अलावा समाज की भी जवाबदेही है कि वह अंधश्रद्धा निर्मूलन की दिशा में सक्रिय संगठनों से जुड़कर लोगों को अंधविश्वास और पाखंड के जागरूक करने की दिशा में आगे आए तभी भारत विश्व गुरु बन सकता है।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत् दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित

प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जल्द पारित हो जनसंख्या नियंत्रण कानून

विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या मुद्दों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और लोगों को अधिक जनसंख्या के प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है। अधिक जनसंख्या पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों और संसाधनों पर दबाव जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। भारत में अत्यधिक जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करती है, जिससे गरीबी-बेरोजगारी बढ़ती है, सामाजिक तथा आर्थिक विकास में कमी के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी असर पड़ता है। इसलिए समय रहते इस पर नियंत्रण जरूरी है।

*- मुकेश शर्मा, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### ऑस्ट्रियाई सरकार का धन्यवाद



ऑस्ट्रिया की मेरी यात्रा ऐतिहासिक और अत्यधिक उपयोगी रही है। हमारे देशों के बीच मित्रता में नया जोश जुड़ा है। मुझे वियना में विविध कार्यक्रमों में भाग लेने की खुशी है। चांसलर कार्लनेहैमर का आभार ऑस्ट्रियाई सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य और स्नेह के लिए धन्यवाद।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मणिपुर आएं प्रधानमंत्री



मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं, मगर स्थिति में कोई सुधार नहीं है - आज भी प्रदेश दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। घर जल रहे हैं। प्रधानमंत्री को मणिपुर आ कर प्रदेशवासियों की तकलीफ़ सुनते हुए शांति की अपील करनी चाहिए।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए



ऐसी दुनिया में जहां 'आओ-देखो-मुझे' एक बीमारी है और पेड पीआर जीवन का एक स्वीकार्य तरीका है, विनम्रता राहुल द्रविड़ को शानदार बनाती है। हमें अपने पेशे में इसकी आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए; महानता हासिल करने के लिए और इसे केवल हम पर निर्भर रहने दें।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

### आंखें खुली रखनी होंगी



यह एक अहम पाठ है कि उद्यमशीलता के अवसर कैसे उत्पन्न होते हैं। आप हमेशा ग्राहकों की ज़रूरतों का पहले से अनुमान लगाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। आपको अपने कान ज़मीन पर रखने होंगे, अपनी आंखें खुली रखनी होंगी।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# भारतीय जहाज के कैप्टन व दल ब्रिटेन में सम्मानित



तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत और उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस और समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान 'दृढ़ संकल्प और धीरज' का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। वर्ष की शुरुआत में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा कथित तौर पर दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज 'मार्लिन लुआंडा' पर गिरने से भीषण आग लग गई थी।

## ऑफ बीट

# चेतना समाज को लाभ पहुंचाने विकसित हुई



चेतना का अनुभव हमारे अंतर्निहित मस्तिष्क शरीर क्रिया विज्ञान से क्यों विकसित हुआ? तंत्रिका विज्ञान का एक जीवंत क्षेत्र होने के बावजूद, चेतना पर वर्तमान शोध में असहमति और विवाद बना हुआ है - विवाद में कई प्रतिद्वंद्वी सिद्धांत हैं। 1,000 से अधिक लेखों की हालिया व्यापक समीक्षा में 20 से अधिक विभिन्न सैद्धांतिक खातों की पहचान की गई। डेविड चाल्मर्स जैसे दार्शनिकों का तर्क है कि कोई भी एक वैज्ञानिक सिद्धांत वास्तव में चेतना की व्याख्या नहीं कर सकता है। हम चेतना को आत्म जागरूकता सहित सन्निहित व्यक्तिपरक जागरूकता के रूप में परिभाषित करते हैं।

## संक्षेप

### शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक सम्पन्न

#### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में आंदोलन पर बनी रणनीति

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक रविवार को बहराइच के आशीर्वाद रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। बैठक मे आज (15 जुलाई) के धरना, ज्ञापन कार्यक्रम को संपन्न कराने की संपूर्ण तैयारी की समीक्षा की गई। सभी मे कार्यों का बंटवारा किया गया। बैठक में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, शैक्षिक महासंघ, शिक्षामित्र संघ, अनुदेशक संघ, उर्दू शिक्षक संघ, अटेवा, प्राथमिक शिक्षक संघ सहित अन्य घटक दलो के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुटता से आज के धरना कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की एवं सभी शिक्षकों से आशा प्रकट की कि वह आज धरना स्थल पर 3:00 बजे पहुंचकर अपनी उपस्थिति से संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। संगीत मोर्चा के संयोजक विद्या विलास पाठक ने बताया की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ज्ञापन धरना के कार्यक्रम का आज सफल आयोजन होगा। उन्होंने कहा की नियत समय पर शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन दिया जाएगा।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

बांदा, जनपद में तेज बारिश के चलते आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी वजह से युवक उसकी चपेट में आ गया और दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। ग्रामीणों ने देखा तुरंत परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को बबेरू सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला बांदा जनपद के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव का है। जहां के रहने वाले सूरजपाल पुत्र माधव (55) और सुलखान पुत्र रामेश्वर (22) अपने घर से भैंस चराने खेत में गए हुए थे।

### सिद्धार्थनगर में लगातार बढ़ रहा राप्ती का जलस्तर

सिद्धार्थनगर, राप्ती नदी का जलस्तर दिनोदिन बढ़ रहा है। गांवों के सड़कों पर पानी आ जाने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बड़हरा गांव में भी चारों तरफ पानी भर गया है। ग्रामीणों के आवागमन हेतु प्रशासन द्वारा नाव की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय टीम योगी महासंघ अनुसूचित प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं केंद्रीय लोक शिकायत जांच संस्था उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशोक कुमार अपने लोगों के साथ ग्राम बड़हरा पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर कुशलक्षेम जाना और बाढ़ पीड़ितों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों आश्वस्त करते हुए बताया कि आपदा की इस घड़ी में आपके हर दुख दर्द में सरकार आप सभी के साथ खड़ी है।

# पर्यावरण दिवस के रूप में मना दिव्यांग आइकॉन मिथिलेश जायसवाल का जन्मदिन

## प्राकृति प्रेमी, गौरैया संरक्षक के साथ प्रसिद्ध कवि, पत्रकार व साहित्यकार हैं मिथिलेश

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। पर्यावरण व गौरैया संरक्षण की लम्बे समय से मुहिम चला रहे तहसील मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत गुलरा के मजरा भज्जापुरवा निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग मिथिलेश कुमार जायसवाल का जन्मदिन 14 जुलाई को पर्यावरण दिवस के रूप में कृषि कल्याण केन्द्र बलहा नानपारा में पौधरोपण, वितरण के साथ ही पर्यावरण जागरुकता गोष्ठी के साथ मनाया गया। पौधरोपण में पीपल बरगद, पाकड़ नीम आम जामुन सहजन अमरुद आंवला सागौन के पौधे शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन कृषि कल्याण केन्द्र के प्रभारी व कृषि फार्म प्रभारी अभिषेक मौर्य की ओर से किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ,विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह मंत्री बृजेश पांडे, विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह, कृषि कल्याण केन्द्र के प्रभारी अमर सिंह, कृषि फार्म प्रभारी अभिषेक मौर्य, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ एसबी सिंह शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने कहा कि सभी को मिथिलेश की तरह अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करना चाहिए। विहिप के प्रांत सह मंत्री बृजेश पांडे ने मिथिलेश जायसवाल द्वारा जन्मदिन पर पौधरोपण वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मिथिलेश का योगदान सराहनीय है समाज को मिथिलेश से प्रेरणा लेने की जरुरत है। कृषि कल्याण केन्द्र प्रभारी अमर सिंह व कृषि फार्म प्रभारी अभिषेक मौर्य ने कहा कि जहाँ लोग पश्चिमी सभ्यता में अपने जन्मदिन को मनाते है वही मिथिलेश हमेशा पौधरोपण कर जन्मदिन मनाकर पर्यावरण का संरक्षण करते हैं जो समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। वही मिथिलेश जायसवाल ने बताया कि मैं लम्बे समय से पर्यावरण एवं गौरैया संरक्षण का कार्य कर हूँ। अपने प्रत्येक जन्मदिन पर हमेशा पौधरोपण करता हूँ और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता हूँ। यदि सभी लोग अपने जन्मदिन के अवसर पर पौध रोपण करे तो बढ़ते हुए तापमान को रोका जा सकता है। ज्ञात हो कि मिथिलेश कुमार जायसवाल दोनों पैरों से दिव्यांग दिव्यांगता के वावजूद मिथिलेश प्रकृति पर्यावरण गौरैया संरक्षण के साथ ही साहित्य सृजन का कार्य बाखूबी कर रहे हैं। इन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार व भारत नेपाल सहित अनेको संस्थाओं ने सैकड़ो पुरस्कार प्रदान किए हैं। इस मौके पर दुर्गा प्रसाद शुक्ला,मयंक विश्वकर्मा, अनिल जायसवाल, अनिल मौर्य पत्रकार, अमित वर्मा, सूरज बाल्मीकि, विहिप के दिलीप मोदनवाल, संतोष वर्मा,अशोक यादव, जुगुल, शिरीष पांडे, इंदल,राजेन्द्र वर्मा, रामगोपाल, दिलीप जायसवाल, रवि जायसवाल, दिनकर द्विवेदी सहित काफी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ फखरपुर का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न

## मनोज कुमार उपाध्याय बने पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। विकास क्षेत्र फखरपुर में पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारियों की मौजूदगी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संघ शाखा फखरपुर का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद हेतु तीन नामांकन दाखिल किए गए जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार उपाध्याय व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर बिलाल अंसारी वलीउर्रहमान व उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र प्रताप को निर्वाचित किया गया। अन्य पदों में मंत्री पद पर सुभाष चंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मौर्य, महिला उपाध्यक्ष नीरा वर्मा, संयुक्त मंत्री अखिलेश मौर्या, महिला संयुक्त मंत्री दरख़्शां निर्वाचित किए गए। संरक्षक हेतु निजामुद्दीन अंसारी, वसी जमाल, अजहर सिद्दीकी को मनोनीत किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में भूपेंद्र श्रीवास्तव व चुनाव अधिकारी बलवंत सिंह यादव शिव, राधेश्याम कनौजिया उपस्थित रहे वरिष्ठ अध्यापकों में वर्तमान अध्यक्ष जूनियर संघ जनक राज सिंह वर्तमान अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ निरंकार सिंह व राजमणि त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को आशीर्वाद दिया। मौके पर जिला संयुक्त मंत्री यादवेंद्र यादव सहित सैकड़ो अध्यापक उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत किया पौधरोपण

## उपचुनाव मे इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर बांटी मिठाई

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। विगत एक जुलाई से 20 अगस्त तक चल रहे राजीव गाँधी वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत रविवार को नवाबगंज ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोरहिया के वीरपुर गांव में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामदीन गौतम के संयोजकत्व में विगत दिनों हुए उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर वृक्षारोपण करके एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डाक्टर ए एम सिद्दीकी, कांग्रेस नेत्री मालती पासवान, सेवादल के पूर्व अध्यक्ष व दाण्डी यात्री इन्द्र कुमार यादव, किसान कांग्रेस के प्रदेशीय पदाधिकारी मूलचन्द राव, रविन्द्र स्वरूप सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उक्त वृक्षारोपण अभियान को बूथ स्तर पर ले जाकर सफल बनाने की पुरजोर अपील किया। इसके साथ ही इसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यक्रम बता कर राहुल गाँधी के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने को



कहा गया। इस मौके पर बी डी वर्मा एडवोकेट, मोहम्मद जाविर, गुन्ने यादव संदीप कुमार, रामसूरत यादव, अल्ताफ अली, बद्री सिंह, राजेश कुमार, बृजेश पाण्डेय सहित कई लोगों ने भाग लिया।

# खनिज निरीक्षक ने चालक के साथ की मारपीट

- 91 हजार रुपए छीनने का भी आरोप, वीडियो बनाने पर मोबाइल तोड़ दिया

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में ट्रक चालक और क्लीनर ने खनिज निरीक्षक और उनके चालक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। साथ ही उनके 91 हजार रुपए भी छीनने की बात कही है। दोनों में डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सभी नजर आ रहे हैं। कानपुर नगर के मुल्लाखेड़ा गांव निवासी अखलेश गौतम और क्लीनर बहादुरपुर कुटरा फतेहपुर निवासी राहुल यादव ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि हम लोग ट्रक में बालू लेकर रामपुर से लखनऊ जा रहे थे, तभी मवई बायपास में खनिज निरीक्षक ने ट्रक रुकवाने की कोशिश की। हमने उनसे मवई में बने पेट्रोल पंप में रुकने के लिए कहा। पेट्रोल पंप में गाड़ी रुकवाकर डीजल भरवाने लगे तभी खनिज निरीक्षक गौरव गुप्ता पास पहुंचे। उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जेब से पर्स भी निकाल लिया, जिसमें 91 हजार रुपए पड़े थे। जब चालक ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया तो उनका मोबाइल लेकर तोड़ दिया। जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया है, जो अब खूब वायरल हो रहा है। वहीं खनिज निरीक्षक और उनके चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप ने जांच के आदेश दिए हैं।

# अस्सीपुरवा में डीएम के निर्देश पर प्रारम्भ हुआ कटान रोधी कार्य



## डीएम के जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों की पूरी हुई मनोकामना

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विगत शुक्रवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी के जनता दर्शन में पहुंचकर तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत ग्राम पुरैना रघुनाथपुर के मजरा अस्सीपुरवा के निवासियों ने बताया कि सरयू नदी की कटान से अस्सीपुरवा सहित 03 मजरों की सुरक्षा के लिए गांव में कटानरोधी कार्य की नितान्त आवश्यकता है। ग्रामवासियों की बात सुनते हुए डीएम ने तत्काल सरयू ड्रेनेज खण्ड के अधिशासी अभियन्ता जे.पी. वर्मा को निर्देश दिया कि ग्राम अस्सीपुरवा में तत्काल कटानरोधी कार्य करा दिया जाय। डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर सम्बन्धित मजरों की कटान से सुरक्षा के मद्देनजर कटानरोधी कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है।

# एसपी ने ली परेड की सलामी

- पुलिस लाइन का निरीक्षण किया, मेस में बनाया जा रहा खाना चेक किया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, एसपी अनूप कुमार सिंह ने आज अमेठी के रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। एसपी ने बैरक, शस्त्रागार, मेस, कैश कार्यालय और परिवहन शाखा का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने और अभिलेखों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान लाइन सीओ, प्रतिसार निरीक्षक समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी ने पुलिसकर्मियों के लिए बनाए जा रहे खाने को भी चेक किया। अमेठी एसपी अनूप कुमार सिंह आज रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने परेड की सलामी लेते हुए परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा पीआरवी का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई रखने और अभिलेखों के रखरखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कार्यालय में रखे सभी रजिस्टरों और अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ गौरीगंज मयंक द्विवेदी प्रतिसार निरीक्षक समेत पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस कर्मियों द्वारा किए जा रहे परेड को भी देखा। एसपी ने पुलिस कर्मियों को आम जनमानस के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया।

अमेठी के ककवा रोड पर मंडी समिति में जिले का रिजर्व पुलिस लाइन संचालित हो रहा है। नया पुलिस लाइन जिला मुख्यालय गौरीगंज तहसील के सैठा रोड पर निमार्णाधीन है और जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा, जिसके बाद अमेठी को अपना पुलिस लाइन मिल जाएगा।

# रोजगार मेले का किया गया आयोजन

## 6 निजी कंपनियों ने किया प्रतिभाग, 90 बेरोजगार युवाओं को मिली नौकरी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, शासन के निर्देश पर अमेठी के तिलोई स्थित राजकीय आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 6 प्लेसमेंट कंपनियां शामिल हुईं, जिसमें नौकरी के लिए सैकड़ों बेरोजगारों ने प्रतिभाग किया था। इंटरव्यू के बाद मौके पर 90 बेरोजगारों को अलग-अलग कंपनियों से नौकरी मिली। रोजगार मेले में नौकरी पाकर युवाओं के चेहरे पर मुस्कान छा गई। अमेठी में शासन के निर्देश पर राजकीय आईटीआई तिलोई में एक दिवसीय रोजगार मेला जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आज आयोजित किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अभ्यर्थियों को संबोधित किया और रोजगार संगम पोर्टल पर बच्चों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया और करियर संबंधित जानकारी दी। रोजगार मेले में 6 प्लेसमेंट कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इंटरव्यू के बाद अलग-अलग पदों के लिए 90 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में कुल 182 बेरोजगार युवाओं ने प्रतिभाग किया था। रोजगार मेले में दवा बनाने वाले पुखराज हेल्थकेयर कंपनी ने 30, वर्धमान कंपनी ने 17, चेकमेट सिक्योरिटी कंपनी में 10, गुडविल कंपनी ने 15, स्टार ग्रुप कंपनी ने 5 और एस डी वोल्टड कंपनी ने 13 युवाओं का चयन किया। रोजगार मेले में बाबू महिपति सिंह महाविद्यालय के एमडी डॉ. राघवेंद्र प्रताप कुशवाहा और आईटीआई कार्यदेशक संजय श्रीवास्तव द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। सेवायोजन कार्यालय के सुरेंद्र पांडे, अजय कुमार और आईटीआई के सभी कर्मचारी रोजगार मेले में शामिल हुए।

# सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवारों की मौत

- पोल से टकराई बाइक, लूट और छिनैती जैसी घटना को अंजाम देते थे दोनों

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में बाइक सवार दो साथियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दोनों को सामुदायिक स्वास्थय केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल अम्बेडकरनगर रेफर कर दिया गया था। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोस्तपुर थानाक्षेत्र के पलिया गांव निवासी राज पाल (25) पुत्र मुकेश पाल और सुमित यादव (24) पुत्र विवेक यादव बाइक से शाहगंज की ओर जा रहे थे। रात करीब 11 बजे के आसपास राज पाल सुमित को लेने उसके घर गया था। बाइक से दोनों निकले थे कि एकाएक तेज रफ़्तार होने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर खम्भे से जा टकराई। दोनों सड़क पर गिरे उन्हें गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल अम्बेडकरनगर रेफर किया। वहां पहुंचने पर डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना परिवार में पहुंची तो कोहराम मच गया। पुलिस दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करा रही है।

# अयोध्या में सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे

## टमाटर समेत कई हरी सब्जियों के दाम 80 के पार

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, आम आदमी पर महंगाई की मार लगातार पड़ती जा रही है। गरीबों और मध्यम वर्ग की थाली से सब्जियां दूर होते जा रही है। राम नगरी अयोध्या में टमाटर समेत कई सब्जियां 80 रुपए से लेकर 100 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रही है। अब अदरक, हरी मिर्च, परवल समेत अन्य सब्जियों के रेट आसमान छूने लगे है। बारिश के सीजन का सबसे ज्यादा असर सब्जियों के भाव पर देखना को मिल रहा है। बारिश का सीजन शुरू होने के साथ ही स्थानीय किसानों के खेतों से निकलने वाली सब्जी की आवक कम हो गई है, जिसका सीधा असर सब्जियों की कीमत पर पड़ रहा है। महंगाई का सबसे ज्यादा असर टमाटर पर देखने को मिला है। गरीब और मध्यम तबके की थालियों से सब्जी का स्वाद बढ़ाने वाला टमाटर अब अलग होता जा रहा है। मंडी में सबसे सस्ती लौकी है। जो 40 रुपए प्रति किलो बिक रही है। आलू भी 35 से 40 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। यानी सब्जियां 40 रुपये या इससे अधिक कीमत में बिक रही हैं। पिछले महीने पहले करीब 20 रुपये प्रति किलो के दाम से बिकने वाला टमाटर वर्तमान में चार गुना बढ़त बनाकर 80 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है।

# ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

- बोले- कीचड़ युक्त रास्ते पर चलने को मजबूर, कई सालों की मांग के बाद भी नहीं बनी इंटरलॉकिंग

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में ग्रामीणों ने कीचड़ युक्त रास्ते पर इंटरलॉकिंग निर्माण की मांग की। जिसको लेकर बक्शी पांडे का पुरवा मजरे भावलपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने प्रधान, सचिव और उच्च अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि पिछले कई सालों से इंटरलॉकिंग की मांग समाधान दिवस से लेकर ग्राम प्रधान, सचिव और ब्लॉक के अधिकारियों से की जा रही थी। लेकिन अभी तक कीचड़ युक्त रास्ते से निदान नहीं मिल पाया है। मामला संग्रामपुर विकासखंड के बक्शी पांडे का पुरवा मजरे भावलपुर का है। जहां निवासी दर्जनों ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को कीचड़ युक्त रास्ते पर इंटरलॉकिंग निर्माण के लिए शिकायत से थक-हार कर विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण राममोहन शुक्ला ने बताया कि पिछले करीब 5 सालों से इस कच्चे रास्ते पर इंटरलॉकिंग निर्माण कराए जाने की मांग समाधान दिवस से लेकर संग्रामपुर बीडीओ, ग्राम प्रधान व सचिव को लिखित शिकायती पत्र देकर की जाती रही है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। करीब 500 की आबादी का इस रास्ते से आवागमन है। बरसात होने के बाद रास्ता पूरी तरह से खराब हो जाता है। चार पहिया और दो पहिया वाहन नहीं आ जा पाते हैं। कीचड़ अधिक होने से इमरजेंसी सुविधाओं में 112 पीआरबी व एंबुलेंस भी गांव नहीं आ पाती है। कई बार संग्रामपुर ब्लॉक पर बीडीओ को शिकायती पत्र देकर कच्चे मार्ग पर इंटरलॉकिंग कराए जाने की मांग की जा चुकी हैं।

# संक्षेप

## ठेके बंद होने के बाद भी बेची जा रही शराब

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर में अवैध तरीके से शराब बेची जा रही है। ठेकों पर ओवररेटिंग तो खुलेआम की जा रही है, साथ ही ठेके बंदी के समय के दौरान भी शराब बेची जा रही है। जिले में इसके लगातार वीडियो वायरल हो रहे हैं। वहीं आबकारी अधिकारी पूरे मामले में मौन सहमति साधे हुए हैं। अब जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डिबाई में नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम शराब की कालाबाजारी हो रही है। कालाबाजारी का वीडियो वायरल हो गया है। शराब के ठेके से सटी बिल्डिंग से टाइमआउट होने पर ओवररेट शराब बेची जा रही है। कल ही डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने समीक्षा बैठक में जिला आबकारी अधिकारी से ओवररेट और शराब की कालाबाजारी पर स्पष्टीकरण मांग लिया। नरौरा के बेलोन देवी सिद्धपीठ पर पुलिस चौकी से चंद मिनटों की दूर शराब का ठेका है। यहां भी शराब की कालाबाजारी की जा रही है। एसडीएम दीपक कुमार पाल का कहना है कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है, जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## चोरों ने मंदिर की दान 2 पेटी की चोरी

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी, सोनभद्र के दुद्धी स्थित अवधूत भगवान राम आश्रम के दुर्गा मंदिर प्रांगण में लगे दान पेटी पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। जब आश्रम परिवार के लोग सुबह उठे और मंदिर की साफ सफाई करने लगे तो देखा कि दान पेटी का ताला निकाल कर कुछ दूर रखा हुआ है। ताले को देख आश्रम परिवार के लोग आश्चर्य चकित रह गए और दान पेटी खोल कर देखा तो उसमें सभी भक्तों के द्वारा किए गए दान की धनराशि गायब थी। कुछ चंद सिक्के चोरों ने छोड़ दिया था। यह देखते ही हड़कंप मच गया और तुरंत दुद्धी कोतवाली को फोन कर आश्रम परिवार की माता ने सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और अग्रिम कार्रवाई में पुलिस जुट गई। दानपेटी में कितने रुपए थे यह जानकारी नहीं चल सकता है। बताते चले कि अवधूत भगवान राम आश्रम में पहले भी चोर एमप्लीफायर इनवर्टर, बर्तन सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ कर चुके हैं। जिनका आज तक कोई सुराग नहीं मिल सका। अब सवाल यह उठता है कि इन चोरों के मन में ईश्वर के प्रति थोड़ी सी भी डर नहीं है, जो इंसान को तो छोड़ते ही नहीं है, भगवान के मंदिर में भी इस घृणित कार्य को अंजाम दे रहे हैं। आश्रम परिवार के लोगों ने स्थानीय प्रशासन से इन चोरों को जल्द से जल्द पकड़े जाने की मांग किया है। इस मौके पर अविनाश श्रीवास्तव, निर्मला श्रीवास्तव, अनिल सोनी, दीनबंधु जायसवाल, सतीश विश्वकर्मा सहित आश्रम परिवार के लोग मौजूद रहे।

# आईटीएम गीडा के छात्र ने आविष्कार किया स्मार्ट ट्रेकिंग बैग

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। विश्व स्किल दिवस पर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर के छात्र ने अपने स्किल से स्कूल के बच्चों के लिये एक ऐसा बैग बनाया हैं जो बच्चों को गुम होने सें बचायेगा और होमवर्क के लिये बच्चों को याद भी दिलायेगा । अवसर पर इस स्मार्ट ट्रेकिंग बैग को आईटीएम के कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र अंशित श्रीवास्तव ने बनाया हैं। स्मार्ट ट्रैकिंग बैग जो बच्चों को गुमशुदा होने सें बचायेगा और लाइव लोकेशन के साथ बच्चों के माता पिता के फोन सें कनेक्ट रहेगा। मार्केट मे इसकी कीमत लगभग 4 सें 5 हजार होंगी। संस्थान के निदेशक डॉ एन. के. सिंह ने बताया छात्रों के ऐसे छोटे - छोटे आईडिया सें हम एक स्टार्टअप शुरू कर सकतें हैं। युवाओं को किसी भी समाज और देश का भविष्य माना जाता है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने बधाई देते होते प्रसन्नता व्यक्त किया।

## नशे में महिला को पीटा, मारपीट, एससी/एसटी का केस दर्ज




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड निवासी सितावी देवी पत्नी संजीत जिसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। शनिवार की रात्रि में 8 बजे पड़ोस गांव का एक मनबढ शराब के नशे में आया।और जातिसूचक गाली गलौज करते हुए। पीड़िता और इसकी बेटी श्वेता को मार पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी बृजेश निषाद उर्फ पोलन पुत्र बिन्नार निवासी डीहवा के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने, एससीएसटी का केस दर्ज कर लिया है।

# भीषण आग लगने से झोपड़ी जलकर राख, मवेशी भी जले

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज थाना क्षेत्र के अकटहवा गांव के टोला भवानीपुर में शनिवार रात 9 बजे एक भीषण आग लगने से एक झोपड़ी जलकर राख हो गई और कई मवेशी बुरी तरह जल गए। सूत्रों के अनुसार, अकटहवा गांव के टोला भवानीपुर निवासी हीरा निषाद ने अपने मकान के पीछे मवेशियों के लिए एक झोपड़ी बनाई थी। शनिवार की रात जब वे मवेशियों को चारा खिला रहे थे, तभी अचानक झोपड़ी में रखे भूसे में आग लग गई। आग तेजी से फैल गई और पूरी झोपड़ी जलकर राख हो गई। इस हादसे में कई मवेशी भी बुरी तरह जल गए।झोपड़ी में रखा सारा सामान भी जल गया। आसपास के लोग जब तक बचाव के लिए पहुंचे, तब तक सब कुछ जल चुका था। किसी तरह आग पर काबू पाकर मवेशियों को बाहर निकाला गया, लेकिन कई मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# बाइक सवार बदमाशो ने दुकानदार को मारपीट कर मोबाइल छिना

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के मंझरिया घघसरा निवासी बाइक से बुनिया और खुरमा बेचने वाले दुकानदार को बाइक सवार दो बदमाशो ने उसे मारपीट कर जेब रखा मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ ठंड में शिकायत दर्ज कराया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के मंझरिया घघसरा निवासी हरिद्वार मद्धेशिया पुत्र स्व काशी मद्धेशिया जो बाइक से खुरमा और बुनिया बेचने का काम करता है। शनिवार को वह सहजनवा स्थित शनिचरहिया बाजार में खुरमा और बुनिया बेचने आया था। रात्रि में करीब 8.30 बजे वह बाइक से घर के लिए निकला था। मुरकटिया बाग के पास पहुंचा था कि एक बाइक पर सवार दो बदमाशो बाइक रोक लिए और मारते पीटते हुए जेब में रखा मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा प्रकरण की जानकारी मिली है। जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

# एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित गांव का किए निरीक्षण, दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र में स्थित नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसे देखते हुए तहसील प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और नदियों के बढ़ रहे जलस्तर पर पैनी नजर रखे हुए है। रविवार को उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने राप्ती नदी के जलस्तर में हो रहे वृद्धि के कारण उत्तरी कोरिया ने तीन टोले मैरुंड्र हो चुके है। वही की सुविधाओं का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों के आने जाने के लिए नाव की व्यवस्था पहले से की गई थी। उन्होंने नाविकों को निर्देश दिए की लाइफ जैकेट पहन कर ही नाव को चलाए। और मौके पर मौजूद लेखपाल को निर्देश दिए की राप्ती नदी के बढ़ रहे जलस्तर की रिपोर्ट समय समय पर उपलब्ध कराते रहे। और बाढ़ से प्रभावित लोगो को हर संभव मदद करने के लिए तैयार रहे।

# हरे पेड़ों की कटान पर लकड़ी माफिया पर हुआ जुर्माना

### दो पेड़ों की कटान के बाद विभाग ने एक पेड़ पर बोला जुर्माना

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला

फतेहपुर। पर्यावरण को निरंतर हानि पहुंचाने में लकड़ी माफिया ठेकेदारों ने कहीं पर भी कमी नहीं छोड़ी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही मुहिम वृक्षारोपण को पलीता निरंतर लगाया जा रहा है वही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के रहमों करम में पल रहे लकड़ी माफिया धड़ल्ले से इलेक्ट्रॉनिक मशीनों द्वारा हरे वृक्षों का सीना चीरते नजर आ रहे हैं जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग मदरी रेंज के गांव न्योरी जलालपुर निवासी राजेश्वरी पत्नी मानसिंह एवं गुलाब सिंह के खेत में आम के दो भारी हरे वृक्ष खड़े थे जिन्हें ठेकेदार विशाल विश्वकर्मा अमरपाल पुत्र राजेंद्र द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मशीन के माध्यम से धराशाई कर दिया गया जिसकी खबर विभाग को नहीं थी वहीं जानकारी मिलते ही मीडिया टीम ने मौके का कवरेज करते हुए मदरी रेंज के दरोगा समेत अन्य अधिकारियों को सूचना दी जहां सूचना पाकर पहुंचे कर्मचारियों ने उपर्युक्त व्यक्तियों समेत हरे वृक्षों के विक्रेता के ऊपर कार्यवाही की नियमानुसार एक पेड़ पर 8 000 रुपए का जुमार्ना किया गया जबकि एक पेड़ को विभाग ने ही अंतर ध्यान कर दिया इससे साफ जाहिर होता है कि अपराधियों के साथ विभाग सदैव तन्मयता से कार्यकरता है हैरतअंगेज बात यह है कि जब तक मीडिया द्वारा विभाग को सूचना नहीं दी जाती तब तक विभाग के कान में जूं कभी नहीं रेंगा इससे साफ जाहिर होता है की विभागीय कर्मचारियों को जानकारी होने के बाद भी कर्मचारी अपनी जेब को गरम करने में निरंतर जुटे रहते हैं ऐसे कर्मचारियों के बारे में जल्द ही मीडिया जनपद एवं प्रदेश स्तर के अधिकारी गणों से बैठक कर बातचीत करेगी तथा ऐसे कर्मचारियों के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई कराई जाएगी

# मेरठ में पुलिस कस्टडी से भागे 3 बाल कैदी

- शामली पुलिस बच्चा जेल में दाखिल करने ला रही थी, होमगार्ड और सिपाही सस्पेंड

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, मेरठ में पुलिस कस्टडी से 3 नाबालिग कैदी फरार हो गए हैं। तीनों कैदियों को शामली पुलिस मेरठ में पेशी के लिए ला रही थी। तभी रास्ते में ये कैदी फरार हो गए हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस से लेकर अन्य पुलिस फोर्स कैदियों की खोज में लगी है। लापरवाही पर सिपाही और होमगार्ड को सस्पेंड कर दिया गया है। तीनों कैदियों को मेरठ कचहरी में पेशी के लिए लाया जा रहा था। सिविल लाइन इंस्पेक्टर ने बताया- तीन नाबालिग कैदी को शामली से मेरठ कचहरी में पेशी के लिए लाया गया था। शामली से एक होमगार्ड और एक सिपाही इनको लेकर आ रहे थे। तभी कैदी जेलचुंगी से फरार हो गए हैं। शामली एसएसपी अभिषेक कुमार ने बताया- कोतवाली के गांव कुड़ाना में चोरी की घटना में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। ये तीनों नाबालिग थे। अभियुक्तों के खिलाफ भी अभियोग दर्ज किया गया है। प्रकरण में संबंधित पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज किया गया है। साथ ही दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया-शामली थाना पुलिस ने गुरुवार को चोरी के मामले में 3 बाल अपचारियों को अरेस्ट किया था। इन तीनों को मेरठ बच्चा जेल में दाखिल करने के लिए शुक्रवार को लाया जा रहा था। तभी जेलचुंगी के पास काफी जाम लगा हुआ था। उसी जाम का फायदा उठाकर तीनों बाल अपचारी मौके से फरार हो गए हैं। फौरन सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर थाना पुलिस एक्टिव हुई और एक बाल अपचारी को बरामद भी कर लिया है। लेकिन दो अभी भी फरार हैं। उनकी तलाश के लिए पुलिस की 3 टीमें लगाई गई हैं।

पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। ताकि उनको पकड़ा जा सके।

# मोहर्रम की सातवीं का जुलूस बना भाई चारे की मिसाल

### जनपद में जगह-जगह निकाली गई ताजिया यात्रा

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद में मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहार मोहर्रम की सातवीं का जुलूस संपूर्ण जनपद के चारों ओर मनाया गया जुलूस जनपद के खागा उत्तर बिंदकी जहानाबाद अमौली ललौली आदि सभी स्थानों पर ताजिया निकाल कर मनाया गया अमौली कस्बे समेत नजदीकी गांव गौरी आवाजीपुर मेढापाटी आदि के ग्रामीण ने भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए हजरत अब्बास की शहादत को याद कर भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने समूचे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कर्बला पहुंचे जहां विशाल जन समुदाय के बीच हकीकत मंद लोगों ने शिरकत की अमौली कस्बे में मौजूद बुजुर्ग डॉ अयूब खान शिक्षक इमरान खान इश्तियाक खान रमजान बक्स फूल हसन परवेज गुलफाम अशरफ खान शकील खान गरीबे समेत भारी संख्या में लोगों ने प्रेम सौहार्द से ताजिया निकाला सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से चांदपुर थाना अध्यक्ष बच्चे लाल प्रसाद समेत संपूर्ण पुलिस बल जगह जगह तैनात रहा

# तथा कथित लाइन मैन लगा रहा पूर्व प्रधान के पर धमकी देने का आरोप

**अवैध तमंचा कारतूस के साथ बृजकिशोर विगत वर्ष भी जा चुका है जेल**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर गांव निवासी तथा कथित लाइनमैन ब्रजकिशोर उर्फ कुंदन पुत्र मुन्नू धोबी ने गांव के पूर्व प्रधान अरविंद सिंह पुत्र प्रताप भानु समेत अन्य तीन भाइयों पर जबरन गाली गलौज तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तारीख देते हुए पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई वही दर्जनों ग्रामीणों से मीडिया ने तहकीकात की जहां पता चला कि यह एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है नशाखोरी के चक्कर में गांव के लोगों की लाइट बिना शटडाउन लिए जान जोखिम में डालकर करता रहता है जानकारी लेने पर विश्वसनीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वृज किशोर नजदीकी किसी भी उपकेंद्र में लाइनमैन नहीं है इसके बाद भी यह गांव की घरेलू बिजली तथा मुख्य लाइन के खम्भों पर भी कार्य करता है जो असंवैधानिक है विगत वर्ष 2023 में उक्त व्यक्ति वृज किशोर अवैध तमंचा तथा कारतूस के साथ जघन्य अपराध में जेल भी जा चुका है वही ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान अरविंद सिंह भाई अजय राज सिंह समेत सभी भाई तथा संपूर्ण परिवार को स्वच्छ और साफ बताया ग्रामीणों के अनुसार नजदीकी थाने में दी गई तहरीर पूर्ण रूप से निराधार है वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया लिखित तारीख प्राप्त हुई है जिसकी पूर्ण जांच करते हुए जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी

# फिशिंग कैट को तेंदुआ समझ लोगों में मची भगदड़

- ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही लगाया आरोप, विभाग ने एक को किया रेस्क्यू

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर, बलरामपुर के मोहम्मद नगर ग्रिंट में फिशिंग कैट दिखने से हड़कंप मच गया। केले के खेत में फिशिंग कैट घूम रही थी। जिससे लोगो में भय का माहौल है। लोगो ने फिशिंग कैट को तेंदुआ समझ लिया। वहीं लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नजदीकी रेंजर को दी। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सूचना के बाद गांव में नही पहुंचा का आरोप लगाया है। वहीं वन विभाग ने एक फिशिंग कैट को रेस्क्यू भी किया है। मामला बलरामपुर के थाना रहरा बाजार के ग्राम मोहम्मद नगर ग्रिंट का है। जहां पर केले के खेत में फिशिंग कैट दिखने से हड़कम मच गया। लोगों ने फिशिंग कैट को तेंदुआ समझ लिया। जिससे भगदड़ मच गई।

एक व्यक्ति ने बताया कि वह केले के खेत में गया था। जहां पर उसने खेत में एक चीते की तरह जानवर को देखा जो उसकी तरफ देख रहा था जिससे वह डर कर गांव में भाग आया और लोगों से बताया कि केले के खेत में तेंदुआ घूम रहा है। वही ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग को जब भी सूचना दो तो पहुंचते नही है और न ही जल्द फोन उठाते है।कई बार फोन करने पर फोन उठाते है।

मामले पर मोहम्मद नगर ग्रिंट के ग्रामीण कल्लू ने बताया कि हम गांव वालो ने यहां के रेंजर को तुरंत सूचना दिया है लेकिन कोई नही पहुंचा है ।कई बार कहा गया है लेकिन कोई नही पहुंचा । और न ही किसी ने आने को कहा है। विभाग द्वारा समय पर कभी नहीं पहुंचते है चाहे कोई हादसा ही क्यों न हो जाय। मामले पर डीएफओ गोंडा ने बताया कि गांव में केले के खेत में जो दिखा है वह तेंदुआ नही फिशिंग कैट है

# जौनपुर में सोते समय मां-बेटी पर फायरिंग

### मां की हालत नाजुक, ट्रामा सेंटर रेफर, जमीनी विवाद में हमले की आशंका

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर में जमीनी विवाद में नकाबकोश बदमाशों ने घर के सामने बरामदे में सो रही मां और बेटी के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। मां के सीने में गोली लगी। इसके बाद घायल अवस्था में सीएचसी लाया गया। यहां से जिला अस्पताल भेजा गया। डाक्टरों ने बेहतर इलाज के वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। नकाबकोश बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। वहीं घटना की सूचना पर एसपी जौनपुर डॉक्टर अजय पाल शर्मा मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। तेजीबाजार थाना क्षेत्र के बारचौली गांव में बीती रात करीब 2:00 बजे घर के सामने बरामदे में सो रही मां और बेटी को नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारी। रेखा विश्वकर्मा पत्नी फूलचंद्र विश्वकर्मा को दो गोलियां लगने की बात बताई जा रही है। फिलहाल घायल अवस्था में महिला को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। यहां के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एसपी जौनपुर डॉक्टर अजय पाल शर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया है। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा।

# बुलंदशहर में सिर पर हथौड़ा मारकर शख्स की हत्या

- खेत में खून से सना मिला शव, अवैध संबंधों में वारदात का शक

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, यूपी के बुलंदशहर जनपद के ककोड़ थाना क्षेत्र में अधेड़ की सिर पर हथौड़े से प्रहार कर हत्या क्रंदी गई। मृतक का उसके ही खेत में लहूलुहान अवस्था में शव बरामद हुआ है। ककोड़ थाना पुलिस ने गजेंद्र सिंह (50) के शव को पोस्टमॉर्टम को भेज जांच शुरू कर दी है। जनपद के ककोड़ कोतवाली क्षेत्र के गांव आजमपुर हुसैनपुर निवासी गजेंद्र (50) पुत्र दुर्गा सिंह नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार की सुबह गजेंद्र का लहूलुहान अवस्था में शव खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी है थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, सी ओ पूर्णिमा सिंह और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि गजेंद्र सिंह की सिर पर वार कर हत्या की गई है। गजेंद्र सिंह शराब पीने का आदि था। मौके पर शराब की बोतल और खाली गिलास भी बरामद हुए हैं। बताया गया कि शराब पीने का आदि होने के कारण 3 दिन पूर्व गजेंद्र को परिजनों ने घर में नहीं घुसने दिया था, बताया जाता है कि उसके बाद अधेड़ खेत पर रह रहा था, खेत पर ग्रामीणों ने शव देख परिजनों और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जामो पुलिस ने चोरी के गैस सिलेण्डर के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी । 13 जुलाई की रात्रि में प्राथमिक विद्यालय पूरे निधान कुँवर का ताला तोड़कर सिलेण्डर चोरी करके बाहर निकल रहे व्यक्ति को ग्रामीणों की मदद से पकड़ कर वीर बहादुर सिंह (इ0प्र0अ0) द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ थाना जामो पर सुपुर्द किया गया ।प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना जामो पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 187/24 धारा 305, 317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत करते हुए अभियुक्त शिवपूजन पुत्र काशीराम निवासी बरौलिया थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है

## पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी की सौर ऊर्जा प्लेट के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी । जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 विमल किशोर पाण्डेय थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 154/24 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना मुसाफिरखाना से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र गंगादीन निवासी ग्राम बेसारा पूरब (टिकैत का पुरवा) थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को धरौली चौराहा हाइवे के पास से समय करीब 04:00 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद सौर ऊर्जा प्लेट बरामद हुई । बरामद प्लेट के संबंध में पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह प्लेट कुछ दिन पहले आंगनबाड़ी केन्द्र कम्पोजिट विद्यालय नेवादा किशुनगढ़ से चोरी किया था ।चोरी हुई दूसरी प्लेट के संबंध में पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि एक सौर ऊर्जा प्लेट को गांव में फेरी करने वाले कबाड़ी को बेंच दी थी दूसरी प्लेट बेचने के लिये आज कबाड़ी के पास अलीगंज जा रहा था । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# जनशक्ति सम्मान समारोह में सम्मानित हुए पुलिसकर्मी पत्रकार व समाजसेवी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । सामाजिक संस्था मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवम नीशू वेलफेयर फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से (सेवा, सुरक्षा, लखनी) के अंतर्गत जनशक्ति सम्मान समारोह 2024 का आयोजन सहकारिता भवन, विधानसभा मार्ग, हजरतगंज लखनऊ में आयोजित किया । आयोजन में लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के 51 पुलिसकर्मी, 25 पत्रकारों एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 101 समाजसेवियों को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रहित वा जनहित में किये जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि संस्था संरक्षक व एमएलसी चेयरमैन एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन पवन सिंह चौहान, एमएलसी व भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष लखनऊ मुकेश शर्मा, विधायक गौरीगंज अमेठी राकेश प्रताप सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेत्री व समाजसेविका अपर्णा यादव, डीसीपी मुख्यालय शिवा शुक्ला, संस्था संरक्षक मुकेश बहादुर सिंह, प्रदेश संयोजक भाजपा डॉ संदीप शाही, भाजपा नेता व नीलांश ग्रुप के डायरेक्टर संतोष श्रीवास्तव, निषाद पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कश्यप, ड्रीम वर्ल्ड के सीएमडी मनीष वर्मा, एसडीम बाराबंकी राज विश्वकर्मा, डॉ वैभव सिंह, समीर शेख ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि पुलिस, पत्रकार वा समाजसेवियों का सम्मान एक साथ एक मंच पर होना गर्व की बात है ।इससे उनके सामाजिक कार्यों में वृद्धि होती है एवं प्रोत्साहन मिलता है दोनों संस्थाओं द्वारा जनशक्ति सम्मान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के लिए संस्था को शुभकामनाएं दी। एमएलसी पवन सिंह






चौहान ने बताया कि हमारा समाज तभी विकास कर सकता है जब हम समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को भली प्रकार निभाए, साथ ही संस्था द्वारा समाज हित में किया जा रहे कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। एमएलसी मुकेश शर्मा ने संस्था की सामाजिक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की और बताया कि ऐसे सामाजिक आयोजन विगत कई वर्षों से संस्था द्वारा किए जा रहे हैं जो समाज को एक नई दिशा देते हैं और लोगों को इससे अनुकरण मिलता है। भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा संस्था द्वारा पूर्व से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है जो समाज के लिए अनुकरणीय है ऐसे सम्मान कार्यक्रम से जिन लोगों को सम्मान मिला है उनको आगे अपने नैतिक कार्यों को करने के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन मिलता है, कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश बहादुर सिंह ने की उन्होंने संस्था को नित्य नए आयाम स्थापित करने के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा ने बताया की दोनों संस्थाएं समाज के लिए हमेशा एक साथ खड़ी रहती हैं गरीबों व जरूरतमंदों के लिए राशन, शिक्षा, रोजगार, इलाज व गरीब बहनों की शादी में मदद के साथ ३मेरी यात्रा३ के तहत दो निःशुल्क सिलाई सेंटर भी स्थापित किए गए हैं जहां निम्न आय वर्ग की महिलाओं को निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई, बूनाई व सौंदर्य प्रसाधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवम महिलाओ को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। इन सभी कार्यों के करने के साथ-साथ संस्था समाज हित में कार्यरत समर्पित पुलिसकर्मियों, पत्रकारों व समाजसेवियों का पूर्ण सहयोग मिलता है जिसके कारण आज कार्यक्रम में जनशक्ति सम्मान समारोह के माध्यम से पुलिसकर्मियों, पत्रकारों वा समाजसेवियों को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह वा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। सम्मानित होने वाले पत्रकार श्रेणी में शिव शरण सिंह गहरवार, शैलेंद्र सिंह, अब्दुल वहीद, अजीज सिद्दीकी, अनिल कुमार द्विवेदी, अतुल मोहन सिंह, शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, विकास तिवारी, एन आलम, परवेज अख्तर, स्वामीनाथ मिश्रा, संदीप खेर, दिलीप सिंह, अमित चावला, धीरेंद्र मिश्रा अर्जुन शुक्ला, सुनील यादव, खुशबू सिंह, ब्रह्म शंकर सिंह, नीरज मिश्रा हिमांशु गर्ग, अर्चना कश्यप, शंभू शरण वर्मा, ममता सिंह, एवम अन्य हैं। कार्यक्रम के आयोजक मंडल में मनोज सिंह चौहान, रोली जायसवाल, विनय दुबे, मोनालिसा, हेमू चौरसिया, संदीप शुक्ला, रणवीर सिंह, बद्री विशाल पांडेय, नीलम श्रीवास्तव, कुंवर अंशुमान सिंह, रोली सिंह, उमा सिंह, सूरज जैसवानी, भारती सिंह, विशाल श्रीवास्तव, सौम्या शुक्ला, सरुपा तिवारी, रुद्र प्रताप वाजपेई, आकाश शर्मा की उपस्थिति रही एवं पूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्था के प्रवक्ता आर जे प्रदीप शुक्ला ने किया। यह जानकारी संस्था के सचिव हेमू चौरसिया एवं मोनालिसा ने दी। आयोजक मंडल ने बताया कि सितंबर माह में बड़े स्तर पर महिला पुलिस सम्मान मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जाएगा।

## इंडिया एलाइंस ने संविधान बचाने के नाम पर मतदाताओं को किया गुमराह

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कहा है कि केंद्र की सत्ता में आने के लिए इंडिया एलाइंस ने बहुजन समाज की राजनीति को कमजोर करते हुए मतदाताओं को संविधान बचाने के नाम पर गुमराह किया। भारतीय संविधान को कोई भी नहीं बदल सकता, । आजादी के बाद संविधान विरोधी सबसे अधिक काम कांग्रेस और सपा ने किए हैं। आजादी के 75 साल बाद भी केंद्र सरकार की नौकरियों में बैकलाग भर्ती नहीं पूरी की गई। उत्तर प्रदेश में बहन मायावती जी ने बैकलाग को पूरा करने के साथ सर्वसमाज के 23लाख लोगों को नौकरियां प्रदान की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांशीराम साहब ने 1978 में बामसेफ और 1981में डी एस फोर नाम से सामाजिक संगठन बनाए ये दोनों संगठन बहुजन समाज के हितों के लिए समर्पित रहे, आज के सामाजिक संगठन जाति बिरादरी के लिए काम कर रहे हैं ।डा अम्बेडकर के नाम पर अपनी दुकान चलाते हैं और चुनाव में व्यक्तिगत हितों के लिए वोटों का सौदा करते हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार ने बहुजन समाज का सबसे अधिक नुकसान किया है। कांग्रेस के शासनकाल में सबसे अधिक संशोधन हुए हैं। भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं की सबसे अधिक अवहेलना सपा ने की है। सपा सरकार में एस सी/एस टी/ओबीसी भर्ती पर रोक लगाई गई, ठेकेदारी में एस सी के आरक्षण को खत्म किया गया। सपा ने पदोन्नति में आरक्षण समाप्त करने के साथ सदन में आरक्षण के बिल को फड़वाने का काम किया है ।पदाधिकारियों के साथ बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष ने नौजवानों को पार्टी संगठन से जोड़ने पर जोर दिया और कहा कि क्षेत्र में कोई भी दुर्घटना होने पर सभी पदाधिकारी एक साथ पीड़ित परिवार के पास जरूर पहुंचे और अपने सेक्टर प्रभारियों के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व को जरूर सूचित करें। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी, राजकुमार गौतम, छोटे लाल मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, जिला प्रभारी दिनेश गौतम, रामानंद मौर्य, रमेश कुमार मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष विजय गौतम, मोहन लाल गौतम आदि मौजूद रहे।

## नालियों की सफाई न होने के कारण दलदल से भरे गांव के रास्ते

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में गांव के अंदर वाले मेन रास्ते में नालियों की सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण रास्ते के ऊपर से पानी निकल कर बह रहा है ।लोगो को पैदल निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारी का पता नहीं रहता है। सरकार का संचारी रोग अभियान फ्लाप हो रहा है। क्षेत्र के डामर गांव के रास्ते दलदल से भरे हुए हैं। नालियों की सफाई वर्षो से नहीं होने के कारण लोगो पानी कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। वही बच्चो को विद्यालय आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के अंदर स्थित पुराने प्राथमिक विद्यालय के पास से छोटे लाल के मकान के समीप तक रास्ते का हाल बेहाल हो गया है। बरसात के मौसम में इस रास्ते से निकलना मुश्किल हो रहा है। लोगो ने अतिक्रमण कर के रास्ता संकरा कर दिया है । तथा दलदल के कारण दो पहिया वाहन फिसल कर गिर जाते हैं।



वही नालियों की सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण नालियों का पानी बीच रास्ते से निकल रहा है। गांव निवासी के के यादव, मानसिंह, बाबू सिंह, हरप्रसाद, अशोक कुमार, आदि ने बताया कि इस रास्ते से गांव सहित कुशौली पुरवा के ग्रामीणों का आवागमन रहता है। नालियों के सफाई सालो से नही हो पाई है। जून माह में भी नाली सफाई नही कराई गई है। जिससे पानी पूरे रास्ते में फैल कर निकल रहा है। गंदगी व्याप्त हैं। एक तरफ सरकार साफ सफाई व्यवस्था कराए जाने व संचारी रोग अभियान चला रही है। लेकिन गांव में गंदगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी का पता नहीं रहता है। इन रास्ते में नाली सफाई कभी नहीं करता है। जिससे लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से गांव के रास्ते का भ्रमण कर हकीकत देखने की मांग की है।

## डॉ० संदीप के संयोजन में ऑटो रिक्शा यूनियन द्वारा 35वें मोहर्रम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। बुंदेलखंड ऑटो रिक्शा यूनियन द्वारा 35वां मोहर्रम उत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष रेलवे स्टेशन ऑटो स्टैंड के ऑटो चालकों द्वारा आयोजित किया जाता रहा है। पिछले वर्षों की भांति इस बार भी संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी मुख्य अतिथि एवं संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आयोजक मंडल द्वारा डॉक्टर संदीप का माल्यार्पण एवं शॉल पहनाकर भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात स्टेशन पर आने वाले यात्रियों एवं राहगीरों को स्टेशन के मेन गेट पर डॉ संदीप एवं ऑटो चालकों के द्वारा भोजन प्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा झांसी को कौमी एकता की नगरी के रूप में जाना जाता है यहां हर धर्म जाति के लोग एक साथ मिलकर सारे त्यौहार मनाते हैं। ऑटो रिक्शा चालकों के सहयोग से प्रतिवर्ष कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाता है इस हेतु में यूनियन के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूँ। इस अवसर पर सुरेश साहू, अशफाक खान, इम्तियाज



अहमद, मोनू, वाहिद अहमद, संतोष सिमोलिया, रज्जाक खान, बरकत अली, अब्दुल कय्यूम सहित सैकड़ो ऑटो रिक्शा चालकों के साथ संघर्ष सेवा समिति से आशीष विश्वकर्मा, बसंत गुप्ता, मास्टर मुन्नालाल, कमल मेहता, भूपेंद्र यादव, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा, राज कपूर यादव, शैलेंद्र राय आदि उपस्थित रहे।

## भुइयां रानी मंदिर में हुआ मेले का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित स्थित प्राचीन भुइंया रानी मंदिर में आषाढ़ मास के चौथे रविवार को मेला आयोजित किया गया। वही देवी मंदिर में भक्तो ने पूजा अर्चना की। तथा मंदिर परिसर में भौरिया बनाकर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ब्लाक क्षेत्र के गांवों से भक्तो की भीड़ एकत्र रही। विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में प्राचीन मां भुइंयारानी का मंदिर स्थित है ।इस मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक रविवार को भक्तो का आवागमन रहता है। यहां की ऐसी मान्यता है कि वात रोग इस मंदिर की मिट्टी का लेपन करने से दूर हो जाता है। अन्य प्रांत के लोग भी मंदिर में आते रहते हैं। मंदिर के पुजारी राजेन्द्र प्रजापति ने बताया कि आषाढ़ मास में इस मंदिर की महत्ता बढ़ जाती है। तथा प्रत्येक रविवार को ब्लाक क्षेत्र के गांवों के लोग मंदिर परिसर में आग के उपले में भौरिया बनाकर खाते हैं। तथा मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। वहीं समाजसेवी अखिलेश सिंह गौर ने बताया कि इस मंदिर में मिट्टी (रज) का महत्व विशेष हो जाता है। इस मिट्टी में औषधीय तत्व पाए जाते हैं। जिससे हाथ पैर में होने वाले वात रोग में राहत मिलती है। इस मन्दिर की ख्याति दूर दूर तक है। अन्य जनपद व अन्य प्रांत के लोग आकर एक रात मंदिर में रुकते हैं। तथा रविवार को सुबह पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर के बाहर मेला आयोजित किया गया है। जिसमे महिलाओं ने रोजमर्रा के सामान की खरीद की। सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ एकत्र रही। वहीं श्रीकांत शुक्ला द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया, सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस भी मौजूद रही।

## लाइनमैन की मौत की मौत से नाराज लोगों ने किया रास्ता जाम

अमन लेखनी समाचार

अमेठी । लाइनमैन की मौत से गुस्साए उसके परिजन और स्थानीय लोगों ने गौरीगंज में रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे जाम कर दिया। बाद में गौरीगंज के क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी से बातचीत के बाद परिजनों ने जाम खत्म किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अमेठी जिले के गौरीगंज में एक लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि लाइनमैन (27) कुलदीप शनिवार रात करीब नौ बजे बिजली के तार की मरम्मत कर रहा था, तभी करंट लगने से उसकी मौत हो गई। लाइनमैन की मौत से गुस्साए उसके परिजन और स्थानीय लोगों ने गौरीगंज में रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे जाम कर दिया। बाद में गौरीगंज के क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी से बातचीत के बाद परिजनों ने जाम खत्म किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### लाईनमैन के शव को पावर हाउस के अन्दर रखकर प्रदर्शन करने व रोड जाम करने वाले 05 अभियुक्त गिरफ्तार

13 जुलाई को मृतक लाईनमैन कुलदीप सिंह पुत्र भानुप्रताप सिंह निवासी भावलपुर कटरा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी का शव मृतक के परिजनों को उकसाकर जिला अस्पताल से लाकर असैदापुर पावर हाउस में रखवाकर , पावर हाउस में तोडफोड़ करनें, जबरदस्ती बिजली आपूर्ति बाधित करने, रोड जाम कर व करवाकर शान्ति व्यवस्था भंग करने, बिजली विभाग, स्वास्थ विभाग, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन के कार्यों मे बाधा पहुंचाने आदि के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 189/2024 धारा 189(2), 189(3)/191(2), 190, 285, 126(2), 352, 329(3), 223, 221, 224 बी0एन0एस0 व 7 सी0एल0 एक्ट के अभियुक्तों को पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा धारा 170/126/135 इठरर के अन्तर्गत गिरफ्तार कर न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट गौरीगंज के समक्ष पेश किया गया । जहां से 14 दिवस के न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का रिमाण्ड प्राप्त होने पर कारागार सुलतानपुर में दाखिल किया गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता

1. अजय वीर विक्रम सिंह पुत्र स्व0 इद्रबली सिंह निवासी ग्राम चौहानापुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष ।
2. राहुल तिवारी पुत्र रामलखन तिवारी निवासी बलीपुर खुर्दवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 26 वर्ष।
3. चन्द्रप्रकाश सिंह पुत्र स्व0 राजाराम निवासी ग्राम पचेहरी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।
4. सुनील विश्वकर्मा पुत्र रामफेर विश्वकर्मा निवासी पठानपुर सैठा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।
5. अमन सिंह पुत्र सत्येन्द्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम सैंठा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 19 वर्ष ।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आउटरीच कैम्प एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने गोमतीनगर विस्तार स्थित शारदा अपार्टमेंट में कासा कैम्प एवं लोन मेला का आयोजन किया गया साथ ही MAX Hospital के साथ मिलकर स्वास्थ्य संबंधी जाँच शिविर का आयोजन किया, जिसमें Doctors, Dietician, Physiotherapist की टीम मौजूद रही जिसने निःशुल्क जाँच के साथ परामर्श प्रदान किया । कैंप में यूनियन बैंक के अंचल प्रमुख लखनऊ राजेश कुमार एवं क्षेत्र प्रमुख मार्कण्डेय यादव की भी गरिमामय उपस्थिति रही। लोन पॉइन्ट प्रमुख संदीप आनंद, दिलीप कुमार, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, उत्कर्ष, राहुल, सोसाइटी के सेक्रेटरी राजेश शर्मा, तीर्थराज मौर्य एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। सोसायटी में मौजूद लोगों को शाखा प्रमुख गोमतीनगर विस्तार वीरेंद्र कुमार एवं बैंक की मार्केटिंग टीम द्वारा विभिन्न बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## प्रदेश अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण, कार्यकर्ताओं को कैडर दिया

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी । संगठन की कमेटियों के पुनर्गठन और सदस्यता अभियान के क्रम में रविवार को मोहनगंज में बसपा विधानसभा कमेटी की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने बैठक का औचक निरीक्षण किया। उपस्थिति कम मिलने पर उन्होंने कार्यकताओं को कैडर देते हुए बीएसपी के मूवमेंट को मजबूती प्रदान करने के संदेश दिए। 21जुलाई को विधानसभा इकाई की विस्तारित बैठक बुलाई गई है। बसपा के सेक्टर प्रभारी राज कुमार गौतम ने कहा कि देश में बसपा ही एक मात्र राजनीतिक पार्टी जो भारतीय संविधान की



व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था को संघर्षरत है। कांशीराम साहब और बहन मायावती जी ने अपना पूरा जीवन मिशन और मूवमेंट के लिए समर्पित कर दिया है। ऐसा महान नेतृत्व किसी और दल में नहीं है ।सेक्टर प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने कहा कि बसपा केवल चुनाव जीतने के लिए काम नहीं करती। बसपा सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति का मिशन है। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष रहे सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी ने अमेठी में बसपा के सफर की जानकारी दी और कहा कि भारतीय संविधान को बचाने की बात करके इंडिया एलाइंस ने उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को गुमराह किया। संविधान कभी बदला नहीं जा सकता। कांग्रेस ने संविधान को सबसे अधिक कमजोर किया है ।जब तक इस देश में बहुजन समाज पार्टी का शासन नहीं होता, बहन मायावती जी प्रधानमंत्री नहीं बनती बहुजन समाज पर अन्याय अत्याचार नहीं रूक सकता। बहुजन समाज में बने सामाजिक संगठनों का पोलिटिकल मिशन एक होना चाहिए। बैठक का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने किया। बैठक को जिला प्रभारी दिनेश गौतम, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, विधानसभा अध्यक्ष विजय गौतम, रामानंद मौर्य, रमेश कुमार मौर्य, राम सजीवन कोरी, इसरार अहमद उर्फ राजा गूजर आदि ने संबोधित किया। विधानसभा प्रभारी मोहन लाल गौतम, अशोक सावंत, त्रिभुवन दत्त, ललित कुमार, राहुल कुमार सरोज आदि मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिले के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पूरे राजा गांव के पास रेल पटरी के किनारे रविवार की सुबह एक युवक का शव मिला है, जिसके सिर पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रेलवे ट्रैक के किनारे मिले शव की पहचान फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पूरे राजा मजरे किशुनपुर केवई गांव निवासी मोनू (22) के रूप में हुई है। फुरसतगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि अब तक घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सिर पर चोट के निशान पाये जाने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और परिवार की तरफ से तहरीर मिलने के बाद आगे कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

अमेठी । जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 विधान चन्द यादव थाना जगदीशपुर मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 185/24 धारा 376, 506 भादवि थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र भरतलाल निवासी ग्राम पूरे कथिकन मजरे सिधियावां थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को आकांक्षा पब्लिक स्कूल के पास से समय करीब 10:45 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**


**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

कुछ समय पहले तक माना जाता था कि अगर हमारा आईक्यू लेवल हाई है तो हम सबसे बुद्धिमान लोगों की श्रेणी में शामिल हैं। फिर इसमें ईक्यू और एसक्यू फैक्टर्स भी जोड़े गए। इन दिनों बुद्धिमत्ता के नए मानक एक्यू की दुनिया भर में चर्चा हो रही है। क्या है यह एक्यू पैमाना और इसे सबसे इंपॉर्टेंट क्यों माना जा रहा है? जानिए, विस्तार से।




# आईक्यू-ईक्यू-एसक्यू से भी इंपॉर्टेंट है हमारा एक्यू

कवर स्टोरी

लोकमित्र गौतम

अगर हम मानते हैं कि अलग-अलग लोगों में उनकी बुद्धि का स्तर अलग-अलग होता है, तो जाहिर है बुद्धि के मापने का कोई पैमाना भी होगा। साल 1912 में प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक विलियम स्टर्न ने बौद्धिक क्षमता मापने के पैमाने आईक्यू यानी इंटेलीजेंस कोशेंट का कॉन्सेप्ट दिया।

## आईक्यू बताता है बौद्धिक क्षमता

आईक्यू पैमाने के मुताबिक हर व्यक्ति की मानसिक क्षमता का अलग-अलग स्कोर होता है। यही स्कोर या संख्या बताती है कि कोई व्यक्ति अपने समूह के दूसरे लोगों के मुकाबले कम बुद्धिमान है या ज्यादा। हालांकि बुद्धि की गणना का यह पैमाना अकसर विवादों में भी घिरता रहता है, क्योंकि जहां इस पैमाने के तहत महान वैज्ञानिक आइंस्टीन का आईक्यू 160 और न्यूटन का आईक्यू 190 माना जाता है, वहीं 1898 में न्यूयॉर्क (अमेरिका) में जन्मे विलियम जेम्स का आईक्यू 250 से 300 के बीच माना जाता है। दरअसल, अगर किसी व्यक्ति का आईक्यू 145 से 160 के बीच होता है, तो उसे जीनियस कहा जाता है। लेकिन विलियम जेम्स का आईक्यू तो 250 से 300 के बीच था, फिर उसे किस श्रेणी में रखा जाए? जेम्स में निःसंदेह असाधारणता के कुछ गुण थे। मसलन, 18 माह की आयु में ही उसने न्यूज पेपर पढ़ना शुरू कर दिया था, 9 साल की उम्र में उसने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में दाखिला ले लिया था। माना जाता है कि उसने 40 भाषाओं में मास्टर डिग्री हासिल की थी। लेकिन इन कुछ चमत्कार से लगने वाले व्यक्तिगत गुणों के अलावा जेम्स के नाम कोई ऐसी खोज नहीं है, जिसने दुनिया को बदलकर रख दिया हो, जैसे आइंस्टीन और न्यूटन ने किया। बहरहाल, इस बहस के बावजूद यह भी तय है कि किसी और सटीक पैमाने के ना होने के कारण बुद्धिमत्ता को कोशेंट के पैमाने से तो परखना ही पड़ेगा।



## मानसिक क्षमता के अन्य पैमाने

पिछले कुछ दशकों में अकेला आईक्यू ही किसी की मानसिक क्षमता को परखने का एकमात्र पैमाना नहीं रहा, क्योंकि मानसिक क्षमताओं की भी अलग-अलग परिस्थितियों में अलग- अलग तरह से परख होती है। इसलिए अब अलग-अलग मौकों में बुद्धिमत्ता की परख के लिए विभिन्न पैमाने भी इस्तेमाल में लाए जाते हैं। मसलन, आईक्यू के अलावा ईक्यू यानी इमोशनल कोशेंट। एसक्यू यानी सोशल कोशेंट और अब हाल के दिनों में बुद्धिमत्ता का एक नया पैमाना, जो पूरी दुनिया में काफी चर्चा में है, वह है एक्यू यानी एडवर्सिटी कोशेंट।

## इन दिनों चर्चा में है एक्यू

एडवर्सिटी कोशेंट का मूल अर्थ, बुरे वक्त में दर्शाई गई बुद्धिमत्ता से होता है। यानी, कठिन समय में आप किस कुशलता से अपने को संभालते हुए सही निर्णय लेते हैं, किस कुशलता से अपने काम को अंजाम देते हैं? दरअसल, एक्यू का अर्थ ऐसे समय पर दर्शाई गई बुद्धिमत्ता से होता है, जब वाकई बहुत बुरा वक्त हो और सामान्य व्यक्ति को उससे निकलने का कोई उपाय ना सूझे। एडवर्सिटी कोशेंट, इन दिनों खूब चर्चा में है और हाल-फिलहाल में यह किसी इंसान की बौद्धिक परख का सबसे निर्णायक पैमाना माना जाने लगा है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि किसी व्यक्ति में चुनौतियों से निपटने की कितनी कुशलता है, इसकी सबसे अच्छी परख उसके बुरे वक्त पर ही होती है। क्योंकि बुरे वक्त पर ज्यादातर लोग बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार नहीं कर पाते। इसे इस तरह से समझ लीजिए कि कई बहुत अच्छे और सज्जन लोग भी गुस्से के समय पूरी तरह से अपना आपा खो देते हैं और वह उतनी ही बुरी तरह से लड़ते है, जितनी बुरी तरह से आम गैर पढ़े-लिखे लोग लड़ते हैं या दूसरे शब्दों में नासमझ लोग जिस तरह से बुरे समय में व्यवहार करते हैं, वैसा ही व्यवहार कई अच्छे लोग भी अपने बुरे वक्त में करते हैं। इसलिए एक्यू की कसौटी पर ऐसे लोगों को बुद्धिमान नहीं माना जा सकता है।

## बुरे दौर से निकलने की क्षमता

एडवर्सिटी कोशेंट, वास्तव में प्रतिकूलता का गुणांक होता है। हर व्यक्ति अपने सामने आई चुनौतियों से निपटने का कोई ना कोई तरीका अपनाता है। जिस व्यक्ति का ऐसी चुनौतियों से निपटने का तरीका सबसे कारगर और मौजूदा परिस्थितियों में सबसे प्रभावी होता है, वास्तव में वही बुद्धिमान होता है। इसलिए देखने में आता है कि कई सफल लोग भले सामान्य परिस्थितियों में ज्यादा कुछ ना बोलें, बढ़-चढ़कर अपनी समझदारी ना दिखाएं, लेकिन जब बुरा वक्त आता है तो वे बहुत ही बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से उस बुरे वक्त से बाहर निकल आते हैं। माना जाता है कि कॉर्पोरेट सेक्टर में सफलता के सबसे ऊंचे पायदान पर आईक्यू बहुत महत्वपूर्ण नहीं होता, क्योंकि यहां तक अगर कोई पहुंचा है तो उसकी दिमागी क्षमता सामान्य लोगों से तो ज्यादा होगी ही। इस स्तर पर ईक्यू भी बहुत महत्वपूर्ण नहीं रह जाता, क्योंकि सफलता के सबसे ऊंचे पायदान पर या बहुत ऊंचे पायदान पर भावनाएं बहुत मायने नहीं रखती हैं और इस स्तर पर सामाजिकता भी कम से कम उतनी अर्थपूर्ण नहीं रहती, जितनी निचले स्तर के लोगों के लिए सामाजिकता की कीमत होती है। सफलता के सबसे ऊंचे पायदान पर पहुंचकर अगर आप अचानक परेशानियों से घिर गए हैं, चुनौतियों में उलझ गए हैं, तो ऐसे वक्त पर प्रतिकूलता के दौरान दिखाई गई बुद्धिमत्ता ही एकमात्र वह गुण होगा, जिसके जरिए आप इस कठिन समय से बाहर आएंगे और बुद्धिमत्ता की जिस तरकीब के जरिए आप बुरे वक्त से बाहर निकलेंगे, वह तरकीब ही साबित करेगी कि आपमें प्रतिकूल समय से बाहर निकलने की कितनी क्षमता है?



## सबसे महत्वपूर्ण बन गया एक्यू

पिछले कुछ दशकों में अलग-अलग बुद्धिमत्ता पैमाने पर लोगों की प्रतिभा को कसने के बाद अब मनोवैज्ञानिक निर्णायक रूप से इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि जिंदगी में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण कठिन समय में दिखाई गई कुशलता या बुरे वक्त की वह बुद्धिमत्ता ही होती है, जिसकी बदौलत कोई व्यक्ति अपने बुरे दिनों से बाहर आता है। यह कुशलता कई तरह से व्यक्त होती है। अपने लिए सहानुभूति हासिल करके, आत्म-जागरूकता की ऊंचाईयां छूकर, जबरदस्त अनुशासन या आत्मसंतुलन का माद्दा दिखाकर, प्रेरणा के सबसे ऊंचे पायदान पर खड़े होकर प्रेरित होने और सामाजिक रूप से हर पैमाने पर कुशल साबित होने से यह बुद्धिमत्ता विजयी कौशल बनकर सामने आती है।

दरअसल, हाल के दशकों में दुनिया में लोगों के पास संपत्ति चाहे जितनी बढ़ी हो, विकास चाहे जिस पैमाने पर पहुंचा हो, लेकिन सच्चाई यह है कि अब से ज्यादा निराशा, तनाव, बेचैनी और पराजयबोध किसी भी दूसरे दौर में नहीं देखा और महसूसा गया। इसलिए आज आर्थिक रूप से और परचेजिंग पावर (क्रयशक्ति) के पैमाने पर भले लोग ज्यादा खुशहाल दिखें, लेकिन मानसिक स्तर पर आज कहीं ज्यादा लोग परेशान हैं और यह मानसिक परेशानी ही है, जो पुराने वक्त के मुकाबले आर्थिक रूप से ज्यादा खुशहाल होने के बावजूद हमें निराशा और तनाव से हमेशा दो-चार रखती है। ऐसी स्थितियों में इन परेशानियों से बाहर आना ही वास्तव में बुद्धिमत्ता की निशानी है। इसलिए आज एडवर्सिटी कोशेंट या कठिन समय से कुशलतापूर्वक बाहर निकलने को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। *

### विराट कोहली का एक्यू है हाई



**कई बार** हम कुछ खिलाड़ियों के बारे में यह कहा करते हैं कि यह खिलाड़ी प्रॉब्लम सॉल्वर या टफ टाइम हीरो है यानी क्राइसेस के समय ही इसकी क्षमताएं निकलकर बाहर आती हैं। जाहिर है, ऐसा खिलाड़ी टीम के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। उदाहरण के लिए हाल में भारत द्वारा जीते गए टी-20 विश्व कप के पूरे टूर्नामेंट में विराट कोहली बहुत अच्छा नहीं खेल पाए थे। लेकिन ज्यादातर एक्सपर्ट यह मानकर चल रहे थे कि फाइनल में विराट कोहली जरूर चलेंगे, उनका बल्ला बोलेगा और एक्सपर्ट यह भी कह रहे थे कि अगर फाइनल में विराट कोहली नहीं चले तो भारत का जीतना मुश्किल होगा। देखा जाए तो सबकुछ ऐसा ही हुआ। फाइनल में विराट कोहली ने 59 गेंदों में शानदार 76 रन बनाए और उन्हीं के रनों की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 20 ओवर में 177 रनों का टारगेट दिया। अगर कोहली ने इस निर्णायक मैच में यह बेहतरीन ईनिंग ना खेली होती तो भारत का जीतना बहुत मुश्किल था। इससे प्रूफ हो गया कि विराट कोहली का एक्यू कितना हाई है!

# लाइफ को बेचैन बना रहे अनलिमिटेड ऑप्शंस

तकनीकी विकास और बेशुमार सुविधाओं ने जीवन को कई मायने में आसान और आरामतलब तो बनाया है। लेकिन इसके साथ ही अनलिमिटेड ऑप्शंस की भरमार, हमारी मानसिक शांति को हमसे छीन रही है, हमें बेचैन बना रही है।

लाइफस्टाइल

शिखर चंद जैन



कई वर्किंग यंगस्टर्स अकसर फूड डिलीवरी एप्स पर पसंदीदा भोजन और रेस्टोरेंट की सर्चिंग के लिए लंबा समय बर्बाद करते और परेशान होते दिखते हैं। बहुत सोच-समझ कर मंगाने के बाद भी वे इस खाने से असंतुष्ट होते दिखते हैं। कई बार तो वे इस बात का निर्णय लेने में काफी वक्त बर्बाद कर देते हैं कि ओटीटी पर कौन-सा शो या मूवी देखी जाए। लेकिन इन्हें हमेशा लगता है कि काफी वक्त और ऊर्जा खर्च करने के बाद उन्होंने जो निर्णय लिया वह बिल्कुल गलत था।

**बेवजह की बेचैनियों से परेशान:** आजकल के कई यंगस्टर्स, दिनभर बेवजह परेशान, हैरान और उलझन में दिखते हैं। उनके चेहरे पर तनाव, झुंझलाहट और व्यग्रता का अंदाजा कोई भी समझदार आसानी से लगा सकता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इन बेचैनियों में से ज्यादातर बहुत बचकाने कारणों से होती हैं। ये हालात सिर्फ युवाओं के ही नहीं, इसके शिकार कुछ हद तक अब प्रौढ़ भी होने लगे हैं। अचरजकारी बात यह है कि हम अपनी जिंदगी के महत्वपूर्ण और कठिन निर्णयों को अकसर मामूली समझने लगे हैं। शादी के लिए या फिर जॉब चुनने में लोग ज्यादा वक्त और ऊर्जा भले ना लगाएं पर मामूली निर्णयों को जरूरत से ज्यादा तवज्जो देने लगे हैं। फैशन की होड़ और बेकार की जोड़-तोड़ के जंजाल में लोग ऐसे फंसे हैं कि अपनी मानसिक शांति खोते जा रहे हैं।

**वजह हैं ज्यादा ऑप्शंस:** क्या आपने सोचा है कि इतनी बेचैनियों की वजह क्या है? सबसे बड़ी वजह है, ज्यादा ऑप्शंस की मौजूदगी। हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां सब कुछ बहुतायत में उपलब्ध है। सुविधाएं अंतहीन हैं और बाजार ढेर सारे विकल्पों से भरे पड़े हैं। यही अधिकता, हमारी मानसिक अशांति, चिंता, दुख, बेचैनी और अवसाद की सबसे बड़ी वजह है। असल में आज की तारीख में हमें सबसे ज्यादा परेशान वह चीज करती है, जिसे हम खरीद नहीं पाए। इंटरनेट पर सर्चिंग हो, आइसक्रीम पार्लर हो, फिटनेस एप्स हो, मूवी थिएटर हो, साड़ी की दुकान हो या टूथब्रश, साबुन, शैंपू जैसी रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजें, हमारे सामने इतने विकल्प होते हैं कि हम कंफ्यूज और बेचैन हो जाते हैं कि आखिर इनमें से कौन-सा चुनें। कई बार हालत यह हो जाती है कि जो टीवी हमने लिया उससे अलग दूसरे के पास है और उसमें कोई एकाध फीचर भी अलग है, जो भले ही काम का नहीं है तो भी हम बेचैन हो जाते हैं।



**पहले हम रहते थे सुकून से:** आज से कोई 15-20 साल पहले हर चीज के सीमित विकल्प होते थे। शादी में खाने के आइटम गिनती के होते थे, फिल्में थोक भाव से नहीं आती थीं बल्कि महीने में जो एक आध फिल्म आती थी, वही खूब चलती थी। सामाजिक स्तर पर दिखावा आज जैसा नहीं था। तब हम एक उपभोक्ता के रूप में इतने बेचैन, दुखी और कंफ्यूज बिल्कुल नहीं रहते थे। कमरे में फर्नीचर के नाम पर गद्देवाला बेड और अलमारी होती थी, जिसमें पूरा परिवार अपने कपड़े रखता था। आइसक्रीम या चॉकलेट की कुछ वैराइटीज होती थीं। कभी-कभी उन्हें खाकर ही बड़ा आत्मसंतोष होता था। लेकिन अब इन चीजों को चुनने के लिए भी काफी माथा-पच्ची करनी पड़ती है।

**ज्यादा ऑप्शंस करते हैं परेशान:** 'एज ऑफ अबेंडंस' यानी 'बहुतायत के युग का जीवन पर प्रभाव' पर अध्ययन करने वाले सोशल साइंटिस्ट कहते हैं कि विकल्पों की यह बहुतायत सुखी और खुशहाल करने के लिए बिल्कुल भी जरूरी नहीं है। जरूरत से ज्यादा विकल्पों की उपलब्धता, इंसानी दिमाग को पैरालाइज कर सकती है। जिससे अंत में हम वह खरीद लेते हैं, जो हमारे लिए ठीक नहीं होता। अमेरिकी मनोवैज्ञानिक और सोशल थ्योरी के प्रोफेसर बेरी श्वार्टज ने अपनी पुस्तक 'पैराडॉक्स ऑफ चॉइस' में कुछ ऐसा ही लिखा है।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के लॉ स्टूडेंट पेटे डेविस ने 'व्हाट नेटफ्लिक्स टॉट मी अबाउट लाइफ' विषय पर अपने स्पीच में कहा कि ब्राउजिंग की स्वतंत्रता ने यूथ का चैन छीन लिया है। आधे घंटे तक विभिन्न फिल्मों की सर्फिंग और सर्चिंग करने के बाद वे कोई फिल्म नहीं देखते और कंफ्यूज होकर बैठ जाते हैं। आपने देखा होगा कि जिन रेस्टोरेंट में आपको डिशेज के बहुत सारे विकल्प मिल जाते हैं, वहां निर्णय लेने में काफी देर लग जाती है और तब तक आप की भूख मर जाती है। जबकि सीमित विकल्पों वाली जगह आप ज्यादा अच्छी तरह संतुष्ट होकर भोजन कर सकते हैं।

स्मार्टफोन के दर्जनों ऑप्शंस हैं। एप्स के पचासों ऑप्शंस हैं। शॉपिंग के अनगिनत विकल्प हैं। ये ऑप्शंस ही हमें परेशान करते हैं।

**टफ बन रहा जीवन :** ज्यादा विकल्पों ने हमारा जीवन कुछ मामलों में आसान भले ही बनाया हो लेकिन हकीकत यह है कि इन्होंने जीवन को पहले से ज्यादा टफ बनाने के साथ-साथ हमारी शारीरिक-मानसिक क्षमता पर जंग लगाने का भी काम किया है। हमें चिढ़न होती है, जब भारी मशक्कत के बाद चुनी गई वस्तु, आउट ऑफ स्टॉक होने के कारण हमें नहीं मिल पाती जबकि हमारे किसी मित्र को वह मिल जाती है। हमारी सारी शारीरिक-मानसिक ऊर्जा इस बात पर खर्च हो रही है कि हम दूसरे से बेहतर, होशियार और आगे कैसे नजर आएं बजाय अपनी जरूरत पर आधारित अपनी बेहतरी के प्रयास के, हम इन अर्थहीन मसलों में उलझे रहते हैं।

कहने का सार यही है कि शांतिपूर्ण और सुकूनदायक जिंदगी के लिए ज्यादा ऑप्शंस के मोहजाल से बचे रहना जरूरी है। *

गजल / डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## नहीं होता जहां कुछ भी



नहीं होता जहां कुछ भी खयाले-खाम होता है
उसे सुनता नहीं कोई जो किस्सा आम होता है
तुम्हारी बज्म में जाने से मेरा कद नहीं बढ़ता
मेरे आने से महफिल में तुम्हारा नाम होता है
अजब दस्तूर है दीपक तले पलता है अंधियारा
किसी की जान जाती है किसी का काम होता है
हकीकत आ ही जाती है निगाहों में जमाने की
बुराई का हमेशा से बुरा अंजाम होता है
फकत इज्जत की खातिर बोली जाती हैं कई बातें
वहां मुद्दा नहीं रहता जहां कुहराम होता है
भले बनकर रहा करते हैं मीठा बोलने वाले
खरा कहता है, जो अकसर वही बदनाम होता है
उन्हें अफसोस होगा जो कभी मुझसे न मिल पाए
मेरी हर बात पे 'नवरंग' कोई पैगाम होता है

# करुणा का बीज

सबसे बड़ा है प्रेम, दया-करुणा का इंसानी रिश्ता। बरसों पहले इसी रिश्ते का बीज बोया था विमल ने। उन्हें क्या पता था कि अनजाने में बोए इस बीज के अंकुर एक दिन तब फूटेंगे, जब उन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत होगी। मानवीय रिश्तों पर आधारित दिल को छूने वाली कहानी।

कहानी / सरस्वती रमेश



आज डॉक्टर गुप्ता की क्लीनिक में बहुत भीड़ थी। सामने बेंच पर एक महिला बैठी हुई थी। उसकी साड़ी एकदम मलिन थी, हाथ-पैर धूल में नहाए। लग रहा था कोई मजदूर है। कहीं से काम करके लौटी है। उसकी गोद में एक चार-पांच साल का बच्चा था। बच्चा एकदम सुस्त पड़ा था। डॉक्टर गुप्ता ने बच्चे की नाड़ी देखी। आंखों की पुतलियां जांचकर बोले, 'दस्त से शरीर में पानी की कमी हो गई है। ग्लूकोज चढ़ाना पड़ेगा।'

डॉक्टर की बात सुनकर महिला सहम-सी गई। एक पल ठिठक कर उसने सकुचाते हुए पूछा,'कितने पैसे लगेंगे डॉक्टर साहब?'

'दो सौ रुपए ग्लूकोज के और दवाइयों के अलग से।' डॉक्टर ने बताया। 'हमारे पास तो बस सौ रुपए हैं।' महिला मुट्ठी में रुपए दबाए हुई थी। उसके चेहरे पर चिंता की लकीरें उभर आई थीं।

'तो और पैसे घर से ले आओ।' डॉक्टर सख्त लहजे में बोला और दूसरा मरीज देखने लगा।

'तुम बालमुकुंद की घरवाली हो ना?' डॉक्टर की बात सुनकर पास खड़े एक व्यक्ति ने महिला से पूछा। उसने सिर हिला कर हामी भरी और उस व्यक्ति से पूछा, 'आप कौन?'

'मेरा नाम विमल है। मैं बालमुकुंद को जानता हूं। वह राज मिस्त्री है ना। मेरा घर उसी ने बनाया था। आजकल कहां है वह, दिखाई नहीं देता?' विमल ने पूछा।

'उनके पैर पर लेंटर गिर पड़ा था। पैर की हड्डी कई जगह से टूट गई है। दो महीने से खाट पर पड़े हैं।' महिला बहुत ही दुखी स्वर में बोली। 'अरे ! यह तो बड़े तकलीफ की बात है। ये बच्चा तुम्हारा है?' विमल ने बच्चे की ओर इशारा करके पूछा।

'हां, ये हमारा बेटा है। इसकी तबीयत बहुत खराब है।' कहकर महिला रुआंसी हो गई।

विमल को महिला की स्थिति पर बहुत दया आई। वह जानते हैं, बालमुकुंद अच्छा मिस्त्री ही नहीं, एक अच्छा इंसान भी है। हाथ में हुनर है लेकिन बेचारा आजकल खाट पर पड़ा है। विमल समझ गए, घर चलाने के लिए जरूर बालमुकुंद की घरवाली लेबर का काम कर रही है। विमल ने डॉक्टर से कहा, 'आप इस बच्चे का इलाज करिए, पैसे मैं दूंगा।'

डॉक्टर बच्चे का इलाज करने के लिए राजी हो गया। विमल डॉक्टर के बताए पैसे देकर चले गए। इस बात को बीस वर्ष बीत गए। विमल अब बूढ़े हो चुके थे। उनके कोई संतान नहीं थी। वह पत्नी के साथ रहते थे। वृद्धावस्था का एकमात्र सहारा उनकी छोटी सी पेंशन थी। लेकिन दोनों बुढ़ापे के रोगों से परेशान रहते थे। पेंशन उनकी दवाइयों और घर खर्च के लिए काफी नहीं थी। एक दिन विमल मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीद रहे थे, तभी वहीं मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले एक युवा पर उनकी नजर ठहर गई। बिल्कुल बालमुकुंद के जैसी कद काठी, नयन-नक्श भी वही। विमल ने उस युवक से पूछ ही लिया, 'तुम बालमुकुंद के बेटे हो?'

'हां, अंकल, आप कौन हैं?' उस युवक ने पूछा।

विमल ने बताया, 'मैं तुम्हारे पिता को जानता हूं। उन्होंने बरसों पहले मेरा घर बनाया था। मेरा नाम विमल है।'

'आप वही विमल अंकल हैं, जिन्होंने बचपन में एक बच्चे का इलाज करवाया था?'

एक क्षण विचारमग्न होने के बाद विमल ने मुस्कुराते हुए हां में सिर हिला दिया।

युवक हंसते हुए बोला, 'मैं वही बच्चा हूं, कृष्णा। बालमुकुंद जी का बेटा।'

'अरे! तुम तो बहुत बड़े हो गए।' विमल ने युवक को ध्यान से ऊपर से लेकर नीचे तक देखा।

कृष्णा बहुत भावुक हो गया, बोला, 'मां-पिताजी अब नहीं रहे। मां बताया करती थीं कि उस समय मैं आपकी वजह से जीवित बच पाया था। पिताजी आपको बहुत नेक इंसान मानते थे। अंकल आपको क्या चाहिए हमें बताइए?'

विमल हड़बड़ा गए। अपने थैले से दवाई की पर्ची निकालकर बोले, 'बेटा, ये दवाइयां दे दो।'

कृष्णा ने पर्ची देखकर दवाइयां निकाल दीं। साथ में 570 रुपए का बिल पकड़ा दिया। विमल अपनी दायीं-बायीं, ऊपर नीचे की सारी जेबें टटोल कर पैसे निकालने लगे, लेकिन सारे पैसे निकालने के बाद भी पैसे पूरे नहीं पड़े। कृष्णा को यह बात समझते देर ना लगी। वह विमल से बोला, 'अंकल, कोई बात नहीं। आप दवाइयां ले जाइए। पैसे मैं भर दूंगा।'

'अरे नहीं बेटा, मैं दवाइयां बाद में ले जाऊंगा।' विमल झेंप रहे थे। कृष्णा ने जबरदस्ती विमल को दवाइयां पकड़ा दीं। साथ में अपना मोबाइल नंबर देते हुए बोला, 'अंकल, आपको जब भी किसी दवाई की जरूरत पड़े, आप मुझे फोन कर दीजिएगा। यहां आने की आपको जरूरत नहीं है। और ना आप पैसों की चिंता करना। मैं हूं ना, आपके बेटे के समान हूं। आपके घर दवा पहुंचा दूंगा।' यह सुनकर विमल की आंखें भर आईं। बीस साल पहले अनजाने ही एक रिश्ते का बीज पड़ गया था। अब वह अंकुरित होकर बाहर झांक रहा था, पल्लवित-पुष्पित होने के लिए। *